हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 286, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 10 अप्रैल, 2023 दिन सोमवार | गाजीपुर/वाराणसी


# प्रकृति की रक्षा करना भारतीय संस्कृति का अंग : प्रधानमंत्री

## भारत में बाघों की संख्या में इजाफा, अब तक हुए 3167 टाइगर; पीएम मोदी ने जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष पूरे होने पर इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। पीएम मोदी ने बाघों की नई गणना रिपोर्ट जारी की है। भारत में बाघों की संख्या बढ़कर 3 हजार 167 हो गई है। 2006 में यह संख्या 1411 थी। इससे पहले 2018 व 2019 में जारी बाघों की गणना में 2967 संख्या पाई गई थी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी एक बेहत महत्वपूर्ण पड़ाव के साक्षी बन रहे हैं, प्रोजेक्ट टाइगर को 50 वर्ष हो गए हैं। भारत ने न सिर्फ टाइगर को बचाया है, बल्कि उसे फलनेफूलने का एक बेहतरीन ईको सिस्टम दिया है। उन्होंने कहा जब अनेक टाइगर रिजर्व देशों में उनकी आबादी स्थिर है या आबादी घट रही है तो फिर भारत में तेजी से बढ़ क्यों रही है? इसका उत्तर है भारत की परंपरा, भारत की संस्कृति और भारत के समाज में बायो डायवर्सिटी को लेकर, पर्यावरण को लेकर हमारा स्वाभाविक आग्रह। प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उद्घाटन सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रोजेक्ट टाइगर बड़ी बिल्लियों की सुरक्षा और संरक्षण का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रकृति की रक्षा करना भारतीय संस्कृति का अंग है। प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता न केवल भारत के




लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व की बात है। भारत ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं और दुनिया की बाघों की आबादी का 75 फीसद भारत में है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि दशकों पहले भारत से चीते विलुप्त हो गए थे, हम शानदार चितों को नामीबिया और दक्षिण अफ्रिका से भारत लेकर आए। कुछ दिन पहले ही कूनो नेशनल पार्क में 4 सुंदर शावकों ने जन्म लिया है।उन्होंने कहा यह बिग कैट का पहला सफल ट्रांस-कॉन्टिनेंटल ट्रांसलेशन है। लगभग 30,000 हाथियों के साथ, हम दुनिया में सबसे बड़े एशियाई हाथियों की श्रेणी वाले देश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा जिस एलिफेंट व्हिस्परर्स डॉक्यूमेंट्री को ऑस्कर मिला है, वह भी नेचर और क्रिएचर के बीच के अद्भुत संबंधों की हमारी विरासत को दशार्ती है। मेरा आग्रह है कि आप हमारे आदिवासी समाज के जीवन और परंपरा से अपने देश और समाज के लिए कुछ न कुछ लेकर जाएं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थेप्पाकडू हाथी शिविर में हाथी को गन्ना भी खिलाया। पीएम मोदी ने ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' वाले कपल बोमन-बेली से भी मुलाकात की। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया की सात प्रमुख बड़ी बिल्लियों यानि बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता के संरक्षण एवं सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**देश में 2014 के बाद से सातों जीवों की बढ़ी आबादी**- दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुलाई 2019 में विश्व नेताओं से इस पहल का आह्वान किया था, ताकि एशिया में इन जीवों के अवैध शिकार और व्यापार को रोका जा सके। बता दें कि देश में 2014 के बाद से इन सातों जीवों की आबादी बढ़ी है। इनमें बाघों की आबादी 33 प्रतिशत बढ़कर 2018 में 2,967 पर पहुंच गई, जबकि 2014 में यह 2,226 थी। बाघों की अंतिम गणना 2018 में हुई थी।

**जंगल सफारी में दिखा पीएम मोदी का स्टाइलिश अंदाज**- पीएम नरेंद्र मोदी ने बांदीपुर टाइगर रिजर्व से जुड़ी कुछ तस्वीरों को ट्विटर पर शेयर किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'सुबह का समय सुंदर बांदीपुर टाइगर रिजर्व में बिताया और भारत के वन्य जीवन, प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की झलक देखी।

**गुजरात में शेरों की आबादी में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई**- बता दें कि मजबूत संरक्षण प्रबंधन और मजबूत सुरक्षा के परिणामस्वरूप गुजरात में शेरों की आबादी में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 2015 में 523 से बढ़कर 2020 में 674 पर पहुंच गई। तेंदुओं की आबादी 2014 के 7,910 से 63 प्रतिशत बढ़कर 2018 में 12,852 हो गई। पिछले साल सरकार नामीबिया से देश में चीते लेकर आई थी। इनमें से एक चीते ने चार शावकों को जन्म दिया, जिससे वे 1952 के बाद से भारतीय धरती पर पैदा होने वाले पहले चीते बन गए।

# पाकिस्तान में रोटी के लाले, भारत में 80 करोड़ लोगों को मिल रहा मुफ्त राशन : योगी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समयानुकूल गुणवत्तापूर्ण, संस्कृति, संस्कार, परंपरा और राष्ट्रीयता से परिपूर्ण शिक्षा ही सार्थक होती है। शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे समग्र व्यक्तित्व विकास के साथ विद्यार्थियों को शासन की उन योजनाओं की भी जानकारी दें जिसके सहयोग से वे अपने भावी जीवन लक्ष्यों को हासिल कर सकें। इस दौरान सीएम ने कहा कि पाकिस्तान की आबादी 22 से 23 करोड़ होगी लेकिन वहां रोटी के टुकड़ों के लिए लाले पड़े हैं। दूसरी तरफ भारत तीन वर्ष से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है। सीएम योगी रविवार को मानीराम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) गोरखपुर के उद्घाटन/स्थापना समारोह 'अभ्युदय' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना से जब पूरी दुनिया पस्त थी तब भारत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर आया। यह शिक्षा नीति डीपीएस जैसी संस्थाओं के लिए भी अनेक संभावनाओं के द्वार खोलती है। उन्होंने कहा कि भारतीय मनीषियों ने सदैव इस बात पर जोर दिया है कि ज्ञान कहीं से मिले, अंगीकार करें। शिक्षा के केंद्र ऐसे होने चाहिए जो सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करें। सिर्फ सर्टिफिकेट और डिग्री लेकर बेरोजगारों की कतार न तैयार हो, इसके लिए शिक्षण संस्थाएं भी पहल करें। शिक्षण के दौरान ही विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जानी चाहिए ताकि विद्यार्थी समय से अपने लक्ष्य निर्धारित कर सकें। तकनीकी को आज की जरूरत बताने के साथ सीएम ने सतर्क और सजग रहने की भी सीख दी।

कहा कि हम टेक्नोलॉजी का सही प्रयोग करें, उसके दास न बनें। टेक्नोलॉजी को लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण का माध्यम बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीपीएस के प्रो वाइस चेयरमैन विशाल सिंह ने कुशीनगर, महराजगंज और सिद्धार्थनगर में डीपीएस शाखा खोलने की इच्छा जताई है। ये तीनों सीमावर्ती जिले हैं और वहां अच्छे संस्थानों के आगे आने पर सरकार हर संभव सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही सीमाई बिहार और नेपाल के लोगों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, व्यापार का बड़ा केंद्र है। ऐसे में डीपीएस ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निवेश को धरातल पर उतारने का पवित्र कार्य किया है। उन्होंने कहा यह विद्यालय जहां है, वहां आसपास कई संस्थान खुल चुके हैं। यहां से गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी की दूरी सिर्फ एक घंटे की है। साथ ही कुशीनगर तक एक बाईपास भी बनाया जा रहा है जिससे बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली की दूरी मात्र आधे घण्टे में पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी क्षेत्र में हम 'नया गोरखपुर' का प्रोजेक्ट भी ला रहे हैं। उन्होने ने कहा कि पाकिस्तान की आबादी 22 से 23 करोड़ होगी लेकिन वहां रोटी के टुकड़ों के लिए लाले पड़े हैं। दूसरी तरफ भारत तीन वर्ष से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है। यह नेतृत्व के सामर्थ्य और इच्छाशक्ति का परिचायक है। समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन में डीपीएस के प्रो वाइस चेयरमैन विशाल सिंह ने कहा कि उनकी मंशा इस क्षेत्र में इंटरनेशनल लेवल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थान स्थापित करने की है।

# ओंकारेश्वर बांध से अचानक छोड़ा पानी, नदी में फंसे तीस से ज्यादा लोग, चट्टानों ने बचाई जान

इंदौर। इंदौर के पास ओंकारेश्वर में रविवार को बड़ा हादसा होते-होते बच गया। बांध की देखरेख करने वाली एचएचडीसी कंपनी ने सुबह 11 बजे ओंकारेश्वर बांध से पानी छोड़ दिया। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ गया। उस समय नदी में स्नान कर रहे 30 से श्रद्धालु मंझधार में फंस गए। उन्होंने नदी की चट्टानें पकड़कर अपनी जान बचाई। बाद में नाविक उन्हें बचाने गए। रस्सियों की मदद से उन्हें नाव में बिठाकर किनारे पर लाया गया। रविवार होने के कारण ओंकारेश्वर में काफी भीड़ थी। कंपनी ने भीड़ की परवाह न करते हुए 11 बजे हूटर बजाया और पानी छोड़ दिया। दूसरे प्रदेशों से आए लोगों को हूटर की जानकारी नहीं थी। इससे वह समझ नहीं सके कि हूटर बजने के बाद बांध का पानी नदी में छोड़ा जाएगा। वे नदी में नहाते रहे। जब अचानक बहाव तेज हो गया तो उनकी जान पर बन



आई। नागर घाट पर 30 भक्त नदी में फंसे थे। राहत की बात है कि कोई नदी में नहीं बहा। दस मिनट के भीतर आठ नावों में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और इस तरह उनकी जान बच सकी। इस दौरान पुलिस-प्रशासन की लापरवाही भी साफ नजर आई। ब्रम्हपुरी घाट पर भी छह लोग डूबने लगे थे। उन्हें भी नाविकों ने बचाया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी रणजीत भावरिया ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे की है। नदी में पानी कम होने के कारण कई लोग किनारे से 50-60 मीटर अंदर तक स्नान करने चले जाते हैं। रविवार को भी ऐसा ही हुआ। बांध का पानी छोड़े जाने के बाद पानी का जलस्तर बढ़ गया। 30 से ज्यादा लोग नदी में फंसे थे। बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे। श्रद्धालुओं को रेस्क्यू करने वाले सतीश केवट ने बताया कि पानी कम होने से श्रद्धालु नदी के बीच पत्थरों पर नहाने के चले गए थे। ओंकारेश्वर डैम से पानी छोड़ा गया तो नर्मदा नदी में पानी बढ़ने लगा। जिससे वहां फंसे श्रद्धालु घबराने लगे। फंसे लोगों ने हाथ देकर मदद के लिए गुहार लगाई।

# झांसी कानपुर नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक से टकराई कार, चार की मौत, दो घायल

मोठ (झांसी)। दतिया स्थित पीताम्बरा माता के दर्शन कर अपने घर कानपुर वापस जा रहे आधा दर्जन लोगों की कार सेमरी टोल प्लाजा के पास करगुवा शनि देव मन्दिर के सामने ट्रक से टकरा गई। इसमें 3 महिला तथा 1 पुरुष सहित 4 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलिज में भर्ती कराया गया है।

59 ए मानस विहार जी के पास रामादेवी चौराहा कानपुर निवासी एसके तिवारी, किरण मिश्रा, कुसुम लता अवस्थी, आरके मिश्रा एक कार (यूपी 78 डीपी 7008) से मध्य प्रदेश में स्थित मां पीताम्बरा के दर्शन करने के लिए शनिवार को जा रहे थे। एसके तिवारी के एक रिश्तेदार उन्नाव निवासी महेश चन्द्र तिवारी और उनकी पत्नी नीलम तिवारी भी साथ में थीं। सभी लोग शनिवार को मां पीताम्बरा के दर्शन करने के बाद शनिवार की रात्रि वहीं पर रुक गए। रविवार की सुबह दतिया से झाँसी घूमते हुए अपने घर वापस कानपुर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार झाँसी-कानपुर नैशनल हाईवे के सेमरी टोल प्लाजा के पास करगुवा शनिदेव मंदिर के पास पहुंची ही थी कि कार का टायर फट गया और कार असन्तुलित होकर डिवाइडर के ओर जाकर कानपुर से झाँसी की ओर जा रहे ट्रक (यूपी 78 डी एन 0976) से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के शीशे तोड़कर कार में सवार चार लोग कई फिट दूर सड़क पर जाकर गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। कार चला रहे एसके तिवारी और आगे बैठी नीलम तिवारी क्षतिग्रस्त हुई कार में फंस गईं और महिला के सिर से धड़ अलग होकर सड़क पर जा गिरा। कार चालक एसके तिवारी का शरीर भी दो हिस्सों में बट गया। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने सेमरी टोल प्लाजा की ऐम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चिरगांव थाना प्रभारी जेपी पाल तथा मोंठ थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

# कुंडा के राजा- रानी होंगे अलग, तलाक के लिए दी कोर्ट में अर्जी!

प्रखर प्रतापगढ़/एजेंसी। यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और पूर्व मंत्री स्वाति सिंह की तलाक के बाद प्रतापगढ़ के कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह की रिश्ते को लेकर चर्चा जोरों पर है. पूर्व मंत्री और कुंडा के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया अपनी पत्नी को तलाक दे सकते हैं. राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी के बीच अब रिश्तो में दरार पड़ गई है. राजा भैया ने दिल्ली के साकेत फैमिली कोर्ट में डिवोर्स पिटिशन फाइल किया है. यह पिटिशन नवम्बर 2022 में फाइल किया गया था, जिसमे 10 अप्रैल 2023 की डेट कोर्ट ने सुनवाई के लिए मुकर्रर की है. सोमवार को इस मामले में सुनाई होनी है. आशंका जताई जा रही है कि अब राजा भैया और उनकी पत्नी के बीच रिश्ते सामान्य नहीं हैं. बताया जाता है कि घरेलू विवाद और राजा भैया के करीबी अक्षय प्रताप उर्फ गोपाल पर कुछ महीने पहले धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराने के बाद पूरा मामला बिगड़ गया.अब नौबत ह्यराजा और रानीह्व के अलग होने तक पहुंच चुकी है. जानकारी के मुताबिक कई रिश्तेदारों ने मध्यस्थता की कोशिश भी की, लेकिन राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी के बीच बात बन न सकी. राजा भैया ने अब तो तलाक की नोटिस भी पत्नी को भेज दिया है. इस बीच सोसल मीडिया पर कोर्ट की कॉपी भी वायरल हो रही है. प्रतापगढ़ में राजघराने के बीच तलाक की चर्चा को लेकर सियासी पारा भी गर्म हो गया है. राजा भैया के घर में परिवारिक कलह थमने का नाम नहीं ले रही है. 27 साल बाद पत्नी के साथ रिश्ते टूटने के कगार पर है, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि दोनों ने अलग-अलग



राह पकड़ ली? प्रतापगढ़ के कुंडा बेती के रहने वाले राजा भैया यूपी की सियासत में एक बड़ा नाम हैं. राजा भैया 1993 से लगातार 7वीं बार कुंडा विधानसभा से निर्दल विधायक है. बेती और भदरी राजमहल के राजकुमार है. यूपी सरकार में जेल और खाद्य मंत्री तक रह चुके है, उनकी शादी 17 फरवरी 1995 को बस्ती राजघराने की राजकुमारी भानवी सिंह से हुई थी, लेकिन पिछले कई सालों से राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी के बीच रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे, लगातार किसी न किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था.शादी के बाद 1996 में भानवी ने एक बेटी को जन्म दिया। 1997 में दूसरी बेटी का भी जन्म हुआ. भानवी ने 2003 में दो जुड़वा बेटे को जन्म दिया। राजा भैया के दोनों बेटों का नाम शिवराज और विजय राज है, जबकि बेटियों का नाम राघवी और बृजेश्वरी है.बताया जाता है कि राजा भैया की पत्नी भानवी 2 सालों से दिल्ली में रहती हैं, क्योंकि घर में घरेलू क्लेश की वजह से वह अधिकतर लखनऊ और दिल्ली में रहने लगी थी, जबकि राजा भैया हफ्ते में 5 दिन लखनऊ और 2 दिन प्रतापगढ़ के बेती में निवास करते हैं. भदरी और बेती रियासत के राजकुमार रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया का उत्तर प्रदेश की राजनीति में खासा दखल माना जाता है. बताया जाता है कि राजा भैया का राजनीतिक प्रताप सिर्फ प्रतापगढ़ तक ही नहीं है, बल्कि प्रयागराज, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, उन्नाव, बस्ती, जिले तक है. राजा भैया के संबंध समाजवादी पार्टी और उसके संरक्षक रहे मुलायम सिंह से भी बेहद करीबी रहा. लेकिन 30 नवंबर 2018 को उन्होंने अपनी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी बनाई और उसके वह राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए।

# कांपते हाथों ने दी मुखाग्नि: एक साथ जलीं चार चिताएं और दो को दफनाया गया तो रो पड़ा पूरा गांव

देवरिया। देवरिया जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बंकुल गांव के झरही नदी के तट पर एक ही परिवार के चार लोगों की चिताएं सजीं और दो मासूमों के शव को दफनाया गया। रोते-बिलखते हुए कांपते हाथों ने मुखाग्नि दी तो मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। पूरी रात गांव में रोने की आवाज सुनाई दे रही थी। अंतिम संस्कार में आसपास के कई गांवों के लोग भी शामिल हुए। शुक्रवार की रात बंकुल गांव निवासी सोनू शाह 32 वर्ष, पत्नी सुजावती देवी, बेटा दिव्यांशु 4 वर्ष, बेटी रूचिका 7 वर्ष, बहन खुशी 13 वर्ष, भाई रवि शाह 18 वर्ष कार से उत्तराखंड के लालकुआं से आ रहे थे। रात में करीब श्रीदतगंज थाना क्षेत्र के गालिबपुर के पास कार किसी वाहन से टकरा गई, जिससे कार में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। शनिवार की आधी रात के बाद जब झरही नदी के तट पर सभी की चिता अगल-बगल सजीं। पिता पारस शाह ने जब चार चिताओं को बारी-बारी से मुखाग्नि दी तो मौजूद लोग रो पड़े, वहीं रुचिका और दिव्यांशु के शव को नदी के किनारे ही दफनाया गया। रविवार की सुबह गांव में सन्नाटा पसरा रहा। आने-जाने वाले लोगों का तांता लगा रहा। वहीं सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा, भाटपाररानी एसडीएम संजीव उपाध्याय, सीओ विनय यादव ने परिवार को ढांढस बंधाया।

**उनकी भी आंखें नम थीं जिनका नहीं था कोई रिश्ता**- रात होने के बावजूद जब एक साथ चार चिताएं जलीं तो आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों की आंखें भी नम हो गईं। वे भी रो पड़े जिनसे मरने वालों का न कोई रिश्ता, न कोई ताल्लुक। आंधी रात के बाद जब चिताएं जल रही थीं तो वहां मौजूद लोग उस समय को कोस रहे थे जब पूरा परिवार एक साथ कार से अपने गांव आने के लिए निकला था। सबकी जुबान पर यही चर्चा थी कि परिवार अगर एक साथ कार से न आता तो इतना बड़ा हादसा न होता।

# शिंदे-फडणवीस का अयोध्या दौरा : महाराष्ट्र के सीएम-डिप्टी सीएम पहुंचे राम की नगरी, किए रामलला के दर्शन

लखनऊ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंच गए हैं। उनके साथ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस भी अयोध्या आए हैं। लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना होते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'भगवान राम का आशीर्वाद हमारे साथ है और इसलिए हमें धनुष और तीर का प्रतीक मिला है।' महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आज रामलला के दर्शन के लिए मैं अयोध्या जा रहा हूं। मैं राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़ा रहा हूं। सभी कारसेवाओं में मैं उपस्थित रहा हूं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार को पूर्वान्ह राम नगरी पहुंचे। सरयू तट पर बने अस्थाई हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरते ही हजारों की संख्या में मौजूद समर्थकों ने अपने नेता का जमकर स्वागत किया। यहां से वे कुछ ही फासले पर स्थित महंत रामचंद्र दास परमहंस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने गए। इस मौके पर उनके साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उनके सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे सहित महाराष्ट्र सरकार के अनेक मंत्री भी थे। यहां महंत रामचंद्र दास परमहंस के शिष्य आचार्य नारायण मिश्र ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों को उत्तरीय भेंट कर उनका स्वागत किया। मंदिर आंदोलन के



अग्रणी नायकों में शुमार रहे महंत रामचंद्र दास परमहंस के प्रति आस्था अर्पित करने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का काफिला राम जन्मभूमि की ओर उन्मुख हुआ।यहां से मुख्यमंत्री शिंदे पैदल ही समर्थकों के साथ आगे बढ़े। बाद में गाड़ियों के काफिले के साथ गेट नंबर तीन से राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। यहां पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। शिंदे के स्वागत के लिए हजारों की संख्या में शिवसैनिक अयोध्या पहुंचे हैं। हनुमानगढ़ी पर शिवसैनिकों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। एलईडी टीवी के जरिए शिवसेना की उपलब्धियों को प्रसारित किया जा रहा है । यहां बड़ी संख्या में शिवसैनिक महाराष्ट्रीयन भाषा में बज रहे गानों पर जमकर थिरक रहे हैं। और अपने नेता शिंदे की जय जय कार कर रहे हैं। शिंदे ने रामलला का पूजन अर्चन करने से पूर्व राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का अवलोकन भी किया और रामलला का दर्शन करने के बाद लौटते हुए उनका काफिला बजरंगबली की प्रधानतम पीठ हनुमानगढ़ी की ओर उन्मुख हुआ। इस बीच उनके साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित बड़ी संख्या में शिवसेना से जुड़े सांसद, विधायक एवं महाराष्ट्र से आए साधारण कार्यकर्ता शामिल रहे। यहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का स्वागत करने वालों में कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी रहे।

# प्रदेश की जेलों का निरीक्षण करेंगे आईपीएस अधिकारी, डीजी जेल ने 5 अफसरों को दी जिम्मेदारी




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद माफियाओं पर और सख्ती शुरू कर दी गई है। प्रदेश की जेलों के निरीक्षण के लिए पांच आईपीएस अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है। इन्हें स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन से भी फीडबैक लेकर दस दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। डीजी जेल एसएन साबत की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आईपीएस शिवहरि मीना, सुभाष चंद्र शाक्य, हिमांशु कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव व हेमंत कुटियाल को प्रदेश की जेलों के निरीक्षण करना है। यह अधिकारी केंद्रीय कारागार नैनी, जिला कारागार चित्रकूट, जिला कारागार जौनपुर व आजमगढ़, केंद्रीय कारागार वाराणसी, जिला कारागार वाराणसी व सोनभद्र, जिला कारागार बलिया, मऊ, फतेहपुर व बांदा का निरीक्षण करना है। निरीक्षण में उन्हें कारागार की कार्य प्रणाली के साथ-साथ अनियमितताओं, अवांछित गतिविधियों, विधि के विपरीत हो रही कार्यवाही की संभावना आदि से संबंधित जांचकर दस दिन में अपनी रिपोर्ट देंगे।

## संपादकीय

# किसान आंदोलन को दफनाने खालिस्तानी आंदोलन?

खालिस्तानी आंदोलन से सबसे ज्यादा नुकसान किसान आंदोलन को हुआ है। स्वतंत्रता के पश्चात किसान आंदोलन एक ऐतिहासिक आंदोलन था। इसमें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी प्रदेशों के किसान संगठनों ने आंदोलन में भाग लिया। पहली बार इस आंदोलन में जाति और धर्म नेपथ्य में चला गया था। किसान आंदोलन की आत्मा में हिंदू, मुसलमान, सिख और सभी वर्ग के किसान शामिल थे। इस आंदोलन से अकाली दल, कांग्रेस, भाजपा, बसपा सबको नुकसान हुआ। पंजाब में पहली बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी। किसान आंदोलन की सफलता ने केंद्र सरकार और सभी राजनीतिक दलों के लिए चिंता पैदा कर दी। किसान आंदोलन ने धार्मिक एवं जाति आधार को नुकसान पहुंचाता हुआ नजर आया। इसके बाद खालिस्तान आंदोलन पंजाब में बड़ी तेजी के साथ शुरू हुआ। यह माना जा रहा है, कि किसान आंदोलन की प्रतिक्रिया स्वरूप, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों ने अपनी ताकत को पुनः बनाने के लिए अमृतपाल की खालिस्तान की मांग को अप्रत्यक्ष रूप से हवा दी। 28-29 साल का युवक अमृतपाल सोशल मीडिया पर दीप संधू के साथ खालिस्तान आंदोलन को लेकर अपने विचार ज्यादा कट्टरता से रखता था। दीप सिंधु ने किसान आंदोलन के दौरान लाल किले में झंडा फहरा कर अलगाववादी आधारशिला को रखा था। इससे किसान आंदोलन कमजोर पड़ता हुआ नजर आया, इसी बीच दीप संधू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। आतंकवादियों ने चंदू को शहीद घोषित कर दिया। दीप सिंधु उत्तराधिकार के रूप में अमृतपाल का जन्म हुआ। अमृतपाल दुबई में रहता था। ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करता था। मौज मस्ती वाली जिंदगी जी रहा था। अलगाववादियों ने सुनियोजित रूप से अमृतपाल को तैयार किया। उसके बाल बढ़वाये गये। भिंडरावाला की तरह उसकी दाढ़ी और पगड़ी इत्यादि लगवाई गई। भिंडरावाला 2 के नाम से उसको पृथक खालिस्तान की मांग से जोड़कर उसे पंजाब लाया गया। भिंडरावाला 1977 में सिखों की धर्म-प्रचार की शाखा दमदमी टकसाल का मुखिया बना था। इसकी निरंकारियों से नहीं बनती थी। 1978 में सिखों और निरंकारी सिखों के बीच में झगड़ा हुआ। इसमें कई निरंकारियों की जान चली गई। आपातकाल के बाद वह 1977 के चुनाव में कांग्रेस, पंजाब में बुरी तरह पराजित हुई। केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। पंजाब की सत्ता अकाली दल के पास आ गई। इसके बाद कांग्रेस ने भिंडरावाला को अपना समर्थन दिया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव से भिंडरावाल ने अपने उम्मीदवार खड़े किए। सिखों के बीच भिंडरावाले बड़ी तेजी के साथ लोकप्रिय होने लगा। 1980 में जनता दल की सरकार गिरने के बाद पंजाब के चुनाव हुए। कांग्रेस के नेतृत्व में दरबारा सिंह ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस का समर्थन पाकर भिंडरावाला काफी उग्र हो गया। उसके पास धार्मिक एवं राजनैतिक ताकत आ गई थी। 1982 में भिंडरावाला और अकाली साथ आ गए। 1973 के आनंदपुर साहिब प्रस्ताव की मांग ने तूल पकड़ा। तब तक कांग्रेस की पकड़ से भिंडरावाला पूरी तरह से बाहर निकल चुका था। सिखों का एक तबका भिंडरावाले को भगवान का दर्जा देने लगा। आईपी आटवाल अधिकारी एएसआई वालों की स्वर्ण मंदिर की सीढ़ियों में हत्या कर दी गई। एक बस में सवार 6 हिंदुओं की हत्या की गई। पंजाब केशरी के मालिक लाला जगत नारायण की हत्या कर दी गई। हरमंदर साहब परिसर में बड़ी मात्रा में हथियार जुटाने भिंडरावाला ने शुरू कर दिए। 1983 में भिंडरावाला ने समर्थकों के साथ अकाल तख्त पर कब्जा जमा लिया। भिंडरावाला ताकत की नशे में इतना चूर हो गया था, कि केंद्र सरकार को उसके खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत कार्रवाई करनी पड़ी। अकाल तख्त से निकालने के लिए सेना का इस्तेमाल करना पड़ा। भिंडरावाले ने इतने हथियार जमा कर लिए थे, कि वह घंटों सेना के साथ मुकाबला करता रहा। इस ऑपरेशन में 83 सेना के जवान शहीद हुए थे। किसान आंदोलन के बाद एक बार फिर खालिस्तान आंदोलन की मांग को अप्रत्यक्ष रूप से तेज करने का काम राजनैतिक एवं धार्मिक शह पर शुरू किया गया है। किसान आंदोलन के कारण पंजाब मे सिखों का दबदबा खत्म होकर किसान सगठनों का दबदबा बनने लगा था।

## बैठेंगे अब अनशन!



अपनी ही सरकार का ।
खोलेंगे वो पोल ।।
बैठेंगे अब अनशन ।
बदल देंगे रोल ।।
सबकी राजनीति है ।
है उसको तो करना ।।
कुर्सी खातिर सदियों से ।
पड़ता थोड़ा लड़ना ।।
हुआ ना पूरा वादा ।
इसलिए ललकारा ।।
जनहित में जो मुद्दे ।
है वो हमको प्यारा ।।
छुपा ना किसी से ।
पहले से दरार ।।
नया नहीं है कुछ भी ।
हुआ जो प्रहार ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# रेपो दर में वृद्धि को रोकना, भारतीय रिजर्व बैंक का साहसिक निर्णय

पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से पूरे विश्व में लगभग सभी देश लगातार बढ़ती मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में वृद्धि करते जा रहे हैं। अभी हाल ही में अमेरिका ने यूएस फेड दर में 25 आधार अंकों की एवं ब्रिटेन ने केंद्रीय ब्याज दर में 50 आधार अंको की वृद्धि की है। यही स्थिति लगभग सभी विकसित देशों की है। इन देशों में हालांकि ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करने से मुद्रा स्फीति पूर्णतः नियंत्रण में आती दिखाई नहीं दे रही है, हां कुछ देशों में मुद्रा स्फीति में कुछ कमी जरूर आई है। सामान्यतः विश्व के कई देश, विशेष रूप से विकसित देश, यदि ब्याज दरों में वृद्धि करते हैं तो अन्य देशों को अपनी मुद्रा के बाजार मूल्य को बचाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में वृद्धि करना एक मजबूरी बन जाता है। परंतु, दिनांक 06 अप्रेल 2023 को सम्पन्न हुई भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया गया है, वैश्विक स्तर पर चल रही आर्थिक परिस्थितियों के बीच यह एक साहसिक निर्णय कहा जा सकता है। बल्कि आगे आने वाले समय में अब अन्य देश भी (विकसित देशों सहित) भारतीय रिजर्व बैंक के इस निर्णय का अनुसरण कर सकते हैं, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। एक तरह से भारत ने इस संदर्भ में अन्य देशों को राह ही दिखाई है।

दरअसल, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए विकसित देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जाना, अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को विपरीत रूप से प्रभावित करता नजर आ रहा है, जबकि इससे मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण होता दिखाई नहीं दे रहा है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं में अब पुराने सिद्धांत बोथरे साबित हो रहे हैं। और फिर, केवल मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जाना ताकि बाजार में वस्तुओं की मांग कम हो, एक नकारात्मक निर्णय है। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उत्पादों की मांग कम होने से, कम्पनियों का उत्पादन कम होता है, देश में मंदी फैलने की सम्भावना बढ़ने लगती है, इससे बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा होने लगता है, सामान्य नागरिकों की ईएमआई में वृद्धि होने लगती है, आदि। अमेरिका में कई कम्पनियों ने इस माहौल में अपनी लाभप्रदता बनाए रखने के लिए 2 लाख से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। किसी नागरिक को बेरोजगार कर देना एक अमानवीय कृत्य ही कहा जाएगा। और फिर, अमेरिका में ही इसी माहौल के बीच दो बड़े बैंक फैल हो गए हैं। यदि इस प्रकार की परिस्थितियां अन्य देशों में भी फैलती हैं तो पूरे विश्व में ही मंदी की स्थिति छा सकती है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए मांग में कमी लाकर उत्पादन कम करने जैसे निर्णयों के स्थान पर आपूर्ति को बढ़ाए जाने जैसे सकारात्मक प्रयास किए जाने चाहिए। इससे उत्पादन बढ़ेगा, विकास की गति तेज होगी एवं रोजगार के और अधिक नए अवसर निर्मित होंगे।

अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में निर्मित हो रही मंदी की आशंकाओं के बीच भारत में स्थिति बहुत नियंत्रण में दिखाई दे रही है। केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। हालांकि भारत में भी रेपो दर में मई 2022 के बाद से 250 आधार अंको की वृद्धि की गई है। परंतु, भारत में उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों, की आपूर्ति को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारत में मुद्रा स्फीति को आंकने के लिए उपयोग किए जाने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की टोकरी में खाद्य पदार्थों की उपस्थिति 40 प्रतिशत से अधिक है। खाद्य पदार्थों की मांग को ब्याज दरें बढ़ाकर नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। हां, खाद्य पदार्थों की आपूर्ति बढ़ाकर इनकी कीमतों पर नियंत्रण जरूर रखा जा सकता है। इसी प्रकार की नीतियों का पालन भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने किया है।



केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को यह निर्देश दिए गए हैं कि भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 4 प्रतिशत रहनी चाहिए। हां, विशेष परिस्थितियों में यह, इस दर से 2 प्रतिशत अधिक अथवा कम हो सकती है। इस प्रकार, भारत में मंहगाई की दर 2 से 6 प्रतिशत के बीच रह सकती है। कोरोना महामारी में बाद एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 7 प्रतिशत से अधिक हो गई थी। अतः भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में पिछले एक वर्ष के दौरान 250 आधार अंको की वृद्धि करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर पहुंचा दिया है, इसी प्रकार अन्य कई निर्णय भी केंद्र सरकार द्वारा लिए गए हैं। इन निर्णयों के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर अब घटती भी जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर घटकर 5.2 प्रतिशत हो जाएगी। जबकि थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर फरवरी 2023 माह में घटकर 3.85 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है।

दूसरे, भारत में ब्याज दरों को बढ़ने से रोकना इसलिए भी जरूरी है कि पिछले कुछ समय से आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के चलते बैंकों से ऋण सुविधाओं का उपयोग बहुत बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में बैंकों के ऋण 15.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 17.8 लाख करोड़ रुपए से बढ़ें है जबकि वित्तीय 2021-22 में बैंकों के ऋणों में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। ब्याज दरों में वृद्धि होने से ऋण की लागत भी बढ़ती है जो अंततः उत्पादन की लागत को भी विपरीत रूप से प्रभावित करती है। अतः आर्थिक गतिविधियों में और अधिक तेजी लाने के लिए ब्याज की लागत को कम बनाए रखना आवश्यक है। तीसरे, भारतीय रुपया अंतरराष्ट्रीय बाजार में अब मजबूत हो रहा है। चूंकि विकसित देशों द्वारा, विशेष रूप से अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में की जा रही वृद्धि के चलते कुछ समय पूर्व तक भारतीय रुपए पर, अमेरिकी डॉलर की तुलना में, दबाव दिखाई दे रहा था। अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में 83 रुपए प्रति डॉलर को भी पार कर गया था परंतु दिनांक 6 अप्रेल 2023 को यह सुधरकर 81.90 रुपए प्रति डॉलर हो गया है। डॉलर सूचकांक भी धीमे धीमे निचले स्तर पर आ रहा है, यह कुछ समय पूर्व तक 122 के स्तर पर पहुंच गया था, जो दिनांक 6 अप्रेल 2023 को 101.89 के अपने निचले स्तर पर आ गया है। साथ ही, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में भी पिछले लगातार दो सप्ताह से बहुत अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है और यह 10 मार्च 2023 के स्तर 56,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर दिनांक 24 मार्च 2023 को 57,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। अतः अब भारत को अमेरिकी ब्याज दरों का अनुसरण करने की आवश्यकता नहीं है। परंतु, अंतरराष्ट्रीय बाजार पर इस संदर्भ में नजर जरूर बनाए रखने की आवश्यकता बनी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने का संकेत दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में सकल घरेलू उत्पाद में हो रही कमी के चलते भारत से निर्यात प्रभावित हो सकते हैं अतः भारत के विदेशी व्यापार पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुछ विपरीत असर दिखाई दे सकता है। साथ ही, मौसम वैज्ञानिकों द्वारा किए गए आंकलन के अनुसार भारत में इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा हो सकती है, जिसका विपरीत प्रभाव विशेष रूप से भारत के कृषि क्षेत्र पर पड़ सकता है।

# हाईटेंशन तार के शार्ट सर्किट से सैकड़ों बीघा गेहूं जलकर हुआ खाक

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। हाईटेंशन शॉर्ट सर्किट तार गिरने से सैकड़ों बीघे का गेहूं जलकर खाक हो गया वही ग्रामीणों का आरोप है की कोई सरकारी मदद नही मिली आग बुझाने मे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक हो चुका था बड़ा नुकसान जानकारी पर पहुंचे लेखापाल अटल कुमार राय ग्रामीणों को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वाशन दिए। मिली जानकारी के मुताबिक थाना गम्भीरपुर के मगरावा में लगभग सैकड़ो बीघा गेहूं जलकर नष्ट हो गया जबकि सभी शहरी खा कर सोते रहे ,इधर पड़ोस के गाव बहोरापुर के लोग आग को बुझाते रहें । बहोरापुर से सटे हुए बहोरापुर मंगरावां दक्षिण की तरफ लगभग 11 से 12 के बीच हाई टेंसन तार 11 हजार का तार टूट कर गिरने से आग लग जाने से सैकड़ों बीघे की फसल जलकर नष्ट हो गई वही सैकड़ों कई दर्जन किसानों की खेती बर्बाद हो गई। ग्रामीणों द्वारा इस घटना के बाबत उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया जानकारी पाकर गांव के लेखपाल अटल कुमार राय मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को बुलाकर सारी जानकारी प्राप्त किये। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते मनोज विश्वकर्मा, मोहन सरोज, दिलीप विश्वकर्मा ,उदय लाल ,रामलाल ,टूबर सरोज ,सुबई सरोज, लड्डन ,जलालुदीन, सोहेल, यूनुस ,अभिराज, हारून ,दानिश ,ओवैध ,जुम्मन ,बिस्मिल्लाह ,निसार अरसद ,जमील ,गुलाबी देवी ,विजय सरोज ,अलाऊद्दीन की गेहूं फसल जलकर नष्ट हो गई।

# सत्कार सेवाश्रम चैरिटेबुल सोसाइटी ने हेल्थ कैंप का किया आयोजन

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय बाजार के शिवमन्दिर के पास रविवार की सुबह सत्कार सेवाश्रम चैरिटेबुल के सौजन्य से हेल्थ कैंप का आयोजन सत्कार इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस आफिस में किया गया इस दौरान 40 मरीज कैंप में पहुंच अपना जांच करा कर उपचार करवाया।मीडिया से बात करते हुए सत्कार ग्रुप के प्रबंध निदेशक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सत्कार ग्रुप का प्रयास है कि लोगो को सस्ता,सुरक्षित व विश्वसनीय जांच व इलाज प्रदान करना जिसे देखते हुए यहां पर हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।हमारी संस्था में रेडक्लिफ लैब के माध्यम से लोगो को किफायती दर में जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।और जनता के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी हमारा प्रमुख उद्देश्य है।जिससे इलाज पर होने वाले भारी भरकम खर्च से स्वयं को बचाया जा सके।साथ ही हमारी संस्था जनपद के हर क्षेत्रों में जाकर हेल्थ कैंप लगाकर लोगो का जांच कर उपचार करने के साथ जागरूक करने का भी प्रयास करती रहती है।इस अवसर पर ज्योति पाण्डेय,श्लोक कुमार,जयप्रकाश राम व अरविंद पाण्डेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# परिवार परामर्श केंद्र पर 11 मामलों में 7 की हुई विदाई

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की अध्यक्षता में परिवार परामर्श केंद्र गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर के प्रांगण में कुल 11 परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुये। जिसमे विनीता देवी पत्नी दिलीप कुमार निवासी तेलियानी बहदिया थाना खानपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके ऊपर मनबड होने और झगड़ालू होने का आरोप लगाते हैं, जबकि वह स्वभाव से बहुत ही मधुर है। इस पर दोनों पक्षों को समझाकर विदाई करवाई गई। अनीता देवी पत्नी गोविंद साहनी निवासी फतेहपुर तालन रजा थाना कोपागंज की शिकायत थी कि उसके पति का गलत संबंध उसकी जेठानी से है। इस पर पति और उसकी जेठानी को समझा कर विदाई करवाई गई। सरिता देवी पत्नी सूरजभान निवासी चटाई पारा थाना नोनहरा गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं। इस पर ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। नसरीन पत्नी जमील कुरैशी निवासी देव कठिया थाना जंगीपुर की शिकायत थी की उसके पति व ससुराल पक्ष के लोग उसके माता-पिता को भद्दी भद्दी गाली हमेशा देते रहते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। मनीषा सिंह पत्नी अंशुमान सिंह निवासी हरतालपुर भुल्लनपुर पीएसी गेट के सामने बिन्ध नगर कॉलोनी वाराणसी की शिकायत थी कि उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग बात बात में उसके साथ झगड़ा करने का आमादा रहते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। रिया कुमारी पत्नी प्रदीप गुप्ता निवासी किशुनीपुर थाना जमानिया गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके ससुराल पक्ष के लोग गाली गलौज करके उसके साथ मारपीट किए तब अपने भाई को बुलाकर अपने मायके चली गई। ससुराल पक्ष के लोग हमेशा उसके साथ मारपीट करते हैं। इस पर दोनो पक्षो को समझाकर विदाई करवाई गई। मनीषा देवी पत्नी सोनू बिन्द निवासी महाराजगंज थाना कोतवाली गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसको ससुराल में नहीं रहने देते हैं। इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझा कर बिदाई करवाई गई । इसके अतिरिक्त एक परिवारिक विवाद को विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुए बंद कर दिया गया, दो परिवारिक विवाद मे दोनो पक्ष उपस्थित नही थे। एक पारिवारिक विवाद में बर पक्ष उपस्थित था लेकिन कन्या पक्ष उपस्थित नही था। इन सभी प्रकरणों के निस्तारण में रविन्द्र कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी भुडकुडा, हेड कांस्टेबल अनीता सिंह, आरक्षी आलेश कुमार, महिला आरक्षी रौली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी,पी.आर.डी आदि लोग उपस्थित रहे।



# हिन्दू राष्ट्र की स्थापना को बल प्राप्त होने हेतु श्री हनुमान जयंती के अवसर पर देशभर में 854 स्थानों पर गदापूजन !

हिन्दुओं का इतिहास शौर्य एवं पराक्रम का है; अनेक वर्ष सशस्त्र संग्राम कर प्राप्त की हुई स्वतंत्रता के पश्चात दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल... इसप्रकार झूठा संदेश प्रसारित कर हिन्दुओं की भावी पीढियों को शौर्य से वंचित किया जा रहा है । गत 75 वर्षों में हिन्दुओं का शौर्य जागृत होगा, ऐसे कार्यक्रम होते हुए दिखाई नहीं देते । इस दृष्टि से ही हिन्दुओं में शौर्यजागरण हो एवं प्रभु श्रीराम की कृपा से रामराज्य अर्थात हिन्दू राष्ट्र-स्थापना को बल मिले, इसलिए श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हिन्दू जनजागृति समिति एवं समविचारी हिन्दुत्वनिष्ठ संगठन की ओर से देशभर में 854 स्थानों पर गदापूजन किया गया । उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ, रायबरेली, जालौन में भी 4 स्थानों पर गदापूजन किया गया ।

**हिन्दुओं में शौर्य जागरण करने के लिए गदापूजन आवश्यक ! - रमेश शिंदे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, हिन्दू जनजागृति समिति**

इस अवसर पर शंखनाद से कार्यक्रम का आरंभ हुआ । तदुपरांत सामूहिक प्रार्थना, गदापूजन विधि, श्री हनुमान की आरती, स्तोत्र एवं श्री हनुमते नमः सामूहिक नामजप किया गया । इसके साथ ही धर्मसंस्थापना के लिए हनुमानजी के गुण कैसे आत्मसात करें इस विषय में मार्गदर्शन भी किया गया । कार्यक्रम के अंत में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लिए प्रतिज्ञा की गई ।




हिन्दुओं के प्रत्येक देवता का रूप देखने पर देवता का केवल एक हाथ आशीर्वाद देनेवाला, तो अन्य सभी हाथों में विविध प्रकार के अस्त्र-शस्त्र हैं । उस दृष्टि से देवताओं के शस्त्रों का पूजन करने से हिन्दुओं में शौर्य जागृत होने में सहायता होगी । इस वर्ष श्रीरामनवमी की शोभायात्रा पर अनेक राज्यों में भीषण आक्रमण हुए । हिन्दुओं को लक्ष्य बनाकर उनका मनोबल तोडा गया है । इस गदा पूजन के माध्यम से पुनः हिन्दुओं को बल मिलेगा । हिन्दुओं में शौर्य धधगता रहे, इसलिए त्योहार-उत्सव के समय प्रतिकात्मक शस्त्रपूजन होना चाहिए, ऐसी इस कार्यक्रम के पीछे भूमिका हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे ने इस अवसर पर प्रस्तुत की ।

समर्थ रामदासस्वामीजी द्वारा स्थापित किए हुए 11 श्रीहनुमानजी के स्थानों पर भी गदापूजन किया गया । इनके साथ ही महाराष्ट्र में मुंबई, ठाणे, रायगड, पुणे, सातारा, सोलापुर, कोल्हापुर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, संभाजीनगर, नासिक, धुळे, जलगांव, नागपुर एवं अमरावती; कर्नाटक में बागकोट, धारवाड, शिवमोग्गा, उडुपी, दक्षिण कन्नड, मैसूर, तुमकूर, बेंगलुरू एवं बेलगांव; गोवा में फोंडा एवं साखली; उत्तर प्रदेश में वाराणसी, लखनऊ, रायबरेली, जालौन, मथुरा सहित दिल्ली, झारखंड एवं राजस्थान में भी सामूहिक गदापूजन उत्साह में संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में संतों की वंदनीय उपस्थिति थी। इसके साथ ही विविध हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में युवावर्ग भी उपस्थित था।

# जैविक खेती पर आधारित किसान गोष्ठी का बीजेपी ने किया आयोजन

प्रखर वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी जनपद वाराणसी के किसान मोर्चा के तरफ से आयोजित चिरईगांव मंडल में जैविक खेती पर आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मोटे अनाज को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। किसानों को मोटे अनाज पर अपना ध्यान केंद्रित करने की बात तमाम बीजेपी जनों ने उठाई। साथ ही मोटे अनाज को पैदा करने की विधि को लेकर भी किसानों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बता दें कि मोटे अनाज को लेकर प्रधानमंत्री बेहद संजीदा हैं और उसकी पैदावार बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम जालहुपुर कच्चा बाबा के पवित्र स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के साथ कार्यक्रम में राम प्रकाश बीरू जी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष, संजय सिंह कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि व जिला उपाध्यक्ष, इंजीनियर एके सिंह भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रवीण सिंह रघुवंशी , विट्ठल सिंह, मेजर, इंद्रजीत, दिनेश, पप्पू, दीपू त्रिपाठी, पंकज तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# तमकुहीराज लेखपाल संघ का चुनाव गहमा गहमी के बीच संपन्न



प्रखर तमकुही, कुशीनगर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील तमकुहीराज के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को भारी गहमा गहमी के बीच संपन्न हो गया। जिसमे शैलेश मिश्रा निर्विरोध अध्यक्ष तो वही शिवकुमार मंत्री निर्वाचित हुए। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों को साथी

## शैलेश मिश्र अध्यक्ष व शिवकुमार महामंत्री चुने गए

लेखपालों ने माल्यार्पण कर बधाई दी और एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चुनाव अधिकारी राधेश्याम सिंह व संरक्षक अशोक वर्मा की देखरेख में तमकुहीराज तहसील सभागार में लेखपालों की बैठक हुई, जिसमे संगठन के तहसील पदाधिकारियो के चुनाव पर चर्चा करते हुए आमसहमति बनाने का प्रयास किया गया। फिर सभी उपस्थित सदस्यों ने तहसील अध्यक्ष के पद पर शैलेश मिश्रा को आमसहमति से निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए तो वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र पांडेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष खालिद सिद्दीकी, उपमंत्री धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, आडिटर भृगुनाथ गुप्ता भी आपसी सहमति से चुने गए। जबकि मंत्री पद पर आपसी सहमति न बन पाने के कारण चुनाव कराया गया। इस चुनाव में संतोष गुप्ता 23 वोट से पराजित हुए हैं। कुल 63 वोट पड़े थे। जिसमे 43 मत शिवकुमार को प्राप्त हुआ, जबकि संतोष गुप्ता को 20 मत हासिल हुआ। उक्त चुनाव में निर्वाचन अधिकारी राधेश्याम सिंह व सहायक निर्वाचन अधिकारी राहुल सिंह, शिवांगी मिश्रा व दिलीप कुमार सिंह रहे । बाद में नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को उपस्थित सदस्यों ने माल्यापर्ण कर उन्हें बधाई दी। पदाधिकारियो ने कहा कि सदस्यों की ओर से जो दायित्व सौंपा गया है उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा और उनके हितों की अनदेखी नही होने दी जाएगी।

# बाप का हत्यारा बेटा निकला, आशनाई, जायदाद बना हत्या का कारण

प्रखर गोरखपुर ।पीपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तिघरा गांव में शुक्रवार को हुई बुजुर्ग की हत्या उसके बड़े बेटे ने ही किया था अपनी बहू पर गलत नजर रखने पर बेटे ने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने बड़े बेटे को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल डंडा बरामद किया है। बताया कि शिवधर अपने बहू पर गलत निगाह रखता बेटे को जायजात भी नही देना चाहता था जिसको लेकर भोला बारह साल से अपने दिल में रखे पिहिश को अपने पिता की हत्या कर निकाल लिया एसपी नार्थ ने बताया कि शुक्रवार कि सुबह तिघरा निवासी शिवधर दुसाद उम्र 58 वर्ष का शव उनके खेत में बने एक कमरे के बगल में भूसे में मिला था। जिसमें शिवधर के दोनों हाथ पैर तोड़ कर चेहरे को बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया था जिसकी हत्या उसका बेटा किया था क्यों की शिवधर अपने बहु के ऊपर गलत निगाह रखता था और बेटे को अपनी जयजात नही देना चाहता था। छोटे बेटे सोनू की सूचना पर पहुंची पुलिस डाग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम से जांच के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया था। शिवधर के दो बेटे हैं बड़े बेटा का नाम भोला और छोटा बेटा सोनू है




लेकिन पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर दोनों बेटों के बजाय दाह संस्कार शीवधर के भाई ने किया। जिस बात को लेकर पुलिस को शक हुआ उसके बाद हरकत में आई पुलिस दोनों बेटों से कड़ाई से पूछताछ की तो हत्याकांड से पर्दा उठ गया। प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह भी रहे मौजूद।

# सम्पत्ति बटवारे को लेकर हुयी हत्या, पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर किया सफल अनावरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जमानिया महोदय के पर्यवेक्षण में आज 09 अप्रैल 23 को प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह मय हमराह थाना क्षेत्र दिलदारनगर मे घटित घटना का अनावरण व सम्बन्धित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के क्रम मे मुखबीर की सूचना पर नामजद अभियुक्त गण क्रमशः नौशाद खाँ पुत्र ऐनुद्दीन खाँ, इरफान खाँ पुत्र ऐनुद्दीन खाँ, ऐनुद्दीन खाँ पुत्र मैनुद्दीन खाँ, मेहरून नीशा पत्नी नौशाद खाँ निवासीगण दिलदारनगर थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर को समय 05.30 बजे प्रातः सनबीम डाल्मिस स्कूल के गेट पास से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तगण व मृतक अमजद खाँ के बीच सम्पत्ति बटवारे को लेकर विवाद था, घटना के दिन शनिवार को सुबह भोर में करीब 03 बजे जब मृतक के घर के सभी लोग सेहरी करने के लिए आंगन मे मौजूद थे, कि मृतक अमजद द्वारा पुनः हक हिस्सा माँगा गया, जिस पर इरफान उपरोक्त ने घर मे रखा हुआ चाकू लाया है, उसके सहयोगी भाई नौशाद, पिता ऐनुद्दीन व नौशाद की पत्नी माहेनूर निशा ने मिलकर योजना बनाकर मृतक अमजद के दाहिने तरफ गला रेतकर हत्या कर दिये और घटना के बाद से फरार हो गये, अभियुक्त इरफान द्वारा जिस चाकू से गला रेतकर



हत्या की गयी थी, घटना मे प्रयुक्त आलाकतल चाकू को बरामद किया गया है,आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ अशेषनाथ सिंह थाना दिलदारनगर, अति0 निरीक्षक रमाकान्त यादव थाना दिलदारनगर, उप निरीक्षक सचिन सिंह थाना दिलदारनगर गाजीपुर, कांस्टेबल रत्नेश कुमार थाना दिलदारनगर, कांस्टेबल शिवम सिंह थाना दिलदारनगर, कांस्टेबल शत्रुन्जय यादव थाना दिलदारनगर, महिला कांस्टेबल उषा देवी थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

# 20 लाख के अवैध गांजा के साथ 03 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

## कब्जे से 94 कि.ग्रा. गांजा व तस्करी में प्रयुक्त पिकअप बरामद

प्रखर मिजार्पुर। थाना राजगढ़, एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । आज दिनांकः 09.04.2023 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक थाना राजगढ़ एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्र से सघन चेकिंग कर पिकअप (बिना नं0 प्लेट) में सवार 03 नफर अभियुक्तों, 1. जय प्रकाश विश्वकर्मा उर्फ राजू पुत्र स्व0 सूर्यनारायण (वाहन चालक), 2. सत्येन्द्र कुमार पुत्र मुनीम आदिवासी, 3. संतोष पाण्डेय पुत्र जगदीश पाण्डेय को पकड़ा गया । जिनके कब्जे से पिकअप में 54 बण्डल कुल 94 किग्रा अवैध गांजा (अनुमानित कीमत 20 लाख)



बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0स0-41/2023 धारा 8/20 NDPS एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है । गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन पिकअप (वाहन संख्याः UP 70 LT 2417) को 207 एम.वी. एक्ट में भी सीज किया गया । पुलिस की पूछताछ में पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग उड़ीसा से पिकअप के डाला में छुपाकर गांजा लेकर सोनभद्र, मीरजापुर के रास्ते जनपद प्रयागराज पहुँचाने वाले थे तथा वहाँ से मांग एवं आवश्यकता के अनुसार जगह-जगह सप्लाई करते । गांजा परिवहन के लिये हम लोगो द्वारा पिकअप वाहन के डाला में एक विषेश केबिन बनवाया गया है जिसमें छिपाकर परिवहन करते हैं ।

# फैशन में किसी से पीछे नहीं है पूर्वांचल : रवि किशन

## गोरखपुर में लगा वस्त्रों का डिस्प्ले महाकुंभ, पूर्वांचल के साथ बिहार के व्यापारी हुए शामिल

प्रखर गोरखपुर। मोहद्दीपुर स्थित रेडिशन ब्लू होटल में 9 अप्रैल को देश की अग्रणी टेक्सटाइल कम्पनियों के आधुनिक परिधानों व वस्त्रों के डिस्प्ले महाकुंभ का आयोजन पोददार टेकसटइलस के तत्वावधान में किया गया महाकुंभ का उद्घाटन अभिनेता व सदर सांसद रवि किशन ने फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रवि किशन ने कहा कि फैशन में पूर्वांचल आगे निकल चुका है, गोरखपुर एक बड़े केंद्र के रूप में उभर कर आ रहा है, पूरे पोद्दार परिवार को उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं महादेव की कृपा सदैव आप सभी पर बनी रहे। पोद्दार टेक्सटाइल के विनीत पोद्दार ने बताया कि इस वस्त्रो के महाकुम्भ में रेमंडस के साथ अग्रणी टेक्सटाइल कम्पनी के शूटिंग- शर्टिंग एवम लक्ष्मीपति साड़ी, अभिवादन, कयान, सत्यवचन,गणेश कृपा,अनुश्री, कलाश्री साड़ी के आधुनिक परिधानों के नवीनतम रेन्ज का डिस्प्ले प्रदर्शनी लगाई गई ।वस्त्रों



के महाकुम्भ के आयोजक पोद्दार टेक्सटाइल के निदेशक महेश पोद्दार ने बताया कि पूर्वांचल में आधुनिक व नवीनतम फैशन के परिधानों की बढ़ती मांग को देखते हुए वस्त्रों के महाकुम्भ का आयोजन किया गया है,जिसमे गोरखपुर,बस्ती मण्डल सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के साथ बिहार के गोपालगंज, छपरा, सिवान, चंपारण व पश्चिमी पंचारण सहित कई अन्य जिलों के भी व्यापारी शामिल हुए। विभोर पोद्दार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठान की सुरुआत 2009 में देश की नामचिन कंपनी सियाराम सिल्क मिल्स , मुम्बई की डीलरशिप से हुई थी जो पूर्वांचल व पड़ोसी राज्य बिहार के व्यापारियों के निरंतर मिलते प्यार और सहयोग से लगातार 13 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर है अंकित पोद्दार ने बताया कि वस्त्रों के डिस्प्ले महाकुंभ में आए रिटेलर भाईयो ने मनचाहे उत्पादों की बुकिंग कराई है। इस दौरान मुख्य रूप से पोद्दार परिवार के अभिवावक सुरेंद्र पोद्दार जी, अभिषेक पोद्दार, अंकुर पोद्दार, विवेक नारनोलिया , शलभ जैन ,नवीन पालड़ीवाल व पियुष जैन आदि मौजूद रहे।

# केवल ट्विटर पर पुलिस का गस्त, उधर सारे चोर है मस्त

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। प्रदेश को अपराध एवं भयमुक्त बनाने का यूपी पुलिस की कल्पना साकार होती दिख नहीं रही है। आए दिन उत्तर प्रदेश में जघन्य अपराध घटित हो रहे हैं, वाराणसी में कमिश्नरेट बनने के बाद भले ही कागजी स्तर पर अपराध में कमी दर्ज की गई हो लेकिन वास्तविक जगत/धरातल पर अपराध चरम पर है। आए दिन पुलिस कमिश्नर अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को अपराध के प्रति सजग रहने व रोकथाम के लिए निर्देश दिया करते हैं, लेकिन बावजूद इसके भी अपराध घटित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण

## कस्बे में चार कदम, ट्विटर पर फोटो अपलोड और गस्त पूर्ण, 2 सप्ताह के बाद भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई मिजार्मुराद पुलिस

ठीक से ग्रस्त ना करना व ड्यूटी में घोर लापरवाही हो सकता है। पुलिस केवल ट्विटर पर फोटो अपलोड कर गश्त करती है, कस्बे में चार कदम चल कर ट्विटर हैंडल पर फोटो अपलोड कर पुलिस खुद की पीठ थपथपाती है, यदि पुलिस अपने गश्त व चेकिंग अभियान को ठीक ढंग से करें तो निश्चित ही अपराध में कमी आएगी। मिजार्मुराद थाने की बात ही न्यारी है। थाना क्षेत्र भर में तमाम चोरी की वारदातें लगातार घटित हो रही हैं, मिजार्मुराद पुलिस का चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं है। कुछ गिनी चुनी घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो अभी तक पुलिस किसी भी चोरी मे सफल अनावरण / खुलासा में सफलता नहीं पा पाई है । लगभग दो सप्ताह पूर्व मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के गुड़िया गांव में एक ही रात में चोरों ने दो घरों में छत व रोशनदान के सहारे घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जहां पर दोनों घरों से लाखों का सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किया गया था, घटना के बाबत ऋषि नाथ दुबे, व दलसिंगार अवस्थी ने चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी उक्त प्रकरण में पुलिस के हाथ खाली हैं, कोई भी चोर पकड़ा नहीं जा सका है। या निश्चित ही पुलिस के कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न चिन्ह करता है। क्षेत्र भर में से कई मोटरसाइकिल चोरी हो हुई है, अधिकांश मामलों में भी न किसी प्रकार की गिरफ्तारी न किसी प्रकार की बरामदगी पुलिस द्वारा की गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुलिस अपने काम को ठीक ढंग से नहीं कर रही है, छोटे-मोटे चोरी, मारपीट अन्य मामलों को पुलिस दबा देती है जिसके परिणाम स्वरूप ऐसी भयंकर चोरियां क्षेत्र में हो रही हैं। जब मिजार्मुराद पुलिस द्वारा चोरी पर लगाम नहीं लगाया जा पा रहा है तो भी उच्च अधिकारी इस पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र में हो रहे चोरियों से क्षेत्रवासी डरे व सहम में हुए हैं।

# विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश का 24 वां द्विवार्षिक सम्मेलन संपन्न

## ऊर्जा मंत्री ने पंचायत द्वारा उठाए गए कर्मचारी समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन, इस सम्मेलन में उपस्थित होकर हर्ष व्यक्त करते हुए अपने परिवार में बुलाने पर पंचायत का किया आभार प्रकट

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश संबंध हिंद मजदूर सभा का 24वां द्वि वार्षिक सम्मेलन लाल बहादुर शास्त्री गंगा गन्ना संस्थान लखनऊ में बी सी उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमे बनारस सहित पूर्वांचल के हजारो कर्मचारियों ने हिस्सा लिया जिसका उद्घाटन प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया` ऊर्जा मंत्री के द्वारा एक अनोखा पहल करते हुए वो आज के सम्मेलन में मंच के सामने लगी कुर्सियो के बीच मे जाकर कर्मचारियों से मिले और उनसे बात किया जिसका विधुत मजदूर पंचायत उ0प्र0 द्वारा स्वागत किया और उम्मीद जताया कि अब कर्मचारियों की उम्मीदों को मंत्री द्वारा पूर्ण किया जाएगा`

सम्मेलन में स्वागत भाषण द्वारा डॉ आर0 बी0 सिंह ने ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा , ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों सम्मेलन में उपस्थित अधिकारियों, पत्रकार बंधुओं एवं प्रदेश के कोने-कोने से सम्मेलन में भाग लेने आए विद्युत मजदूर पंचायत के प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आजादी के इस अमृत काल में विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश का सम्मेलन ऊर्जा निगम के विद्युत कर्मियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा`

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विद्युत मजदूर पंचायत के महामंत्री गिरीश कुमार पांडेय ने मजदूर आंदोलनों, कर्मचारी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री जी को अवगत कराया कि जब प्रदेश में लगभग 40 लाख विधुत उपभोक्ता थे तो विद्युत विभाग में अधिकारियों कर्मचारियों की संख्या लगभग एक लाख थी जबकि वर्तमान समय में लगभग 3 करोड़ 30 लाख उपभोक्ताओं पर अधिकारियों कर्मचारियों की संख्या घटकर मात्र 35000 हो गई है` ऊर्जा निगम के महत्वपूर्ण कार्य संविदा कर्मियों के माध्यम से कराए जा रहे हैं लेकिन उन्हें जीने लायक वेतन नहीं दिया जा रहा है जबकि सेना के बाद ऊर्जा



विभाग काफी जोखिम भरा विभाग है जिसमें आए दिन विद्युतकर्मी उपभोक्ता की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देते हैं उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगमों में लगभग एक लाख पद रिक्त हो चुके हैं और 25 हजार बी0ओ0डी0 से पद स्वीकृत होकर शासन की स्वीकृति के लिए लंबित हैं इन सभी पदों पर संविदा कर्मियों की नियमित नियुक्ति करते हुए भर्ती का मांग की उन्होंने कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों ,भत्तों रियायती दरों पर विद्युत कर्मियों को मिल रही विद्युत व्यवस्था की सुविधा जारी रखने,पुरानी पेंशन बहाल करने,कैशलेस चिकित्सा की व्यवस्था करने, पदोन्नति के पदों पर पदोन्नति कराए जाने, चतुर्थ श्रेणी से टीजी 2 के पद पर प्रोन्नति का कोटा पूर्व की भांति बहाल किए जाने टी0 जी0-2 को भी पेट्रोल भत्ता, सी0यू0जी0 सिम देने के साथ ही टीजी 2 और कार्यकारी सहायकों का निगमों में आमेलन की बंद व्यवस्था पुनः बहाल की जाने,अधिष्ठान संबंधी मामलों की समीक्षा किए जाए,

पेंशन मामलों के निस्तारण हेतु प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया जाए तथा 3 दिसंबर 2022 को प्रबंधन एवं विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के मध्य संपन्न लिखित समझौते का पालन कराया जाने एवं 19 मार्च 2023 को हड़ताल समाप्ति की घोषणा के समय प्रेस वार्ता के दौरान ऊर्जा मंत्री द्वारा ऊर्जा निगम के अध्यक्ष को समस्त उत्पीड़न कार्रवाई समाप्त करने के लिए दिए गए निर्देश का पालन कराए जाने सभी कर्मचारियों का इन्श्योरेंस कराए जाने विद्युत दुर्घटनाओं से मृत हुए विद्युत कर्मियों के मुआवजे में वृद्धि करने एवं सभी निगमों में संविदा कर्मियों के लिए समान वेतन लागू करने हेतु वेतन वृद्धि किए जाने सहित आदि मांगों पर मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए सभी समस्याओं का समाधान कराने का आग्रह किया

सम्मेलन को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत कर्मियों को अपने परिवार का सदस्य बताते हुए विस्तार से सभी बिंदुओं पर कार्यवाही का भरोसा देते हुए जैसे विद्युत कर्मियों को बीमा का लाभ दिए जाने,संविदा कर्मियों को सभी निगमो में समान वेतन दिए जाने विद्युत दुर्घटना में आए दिन विद्युत कर्मियों की होने वाली मौतों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसके रोकथाम हेतु कारगर व्यवस्था करने के साथ- साथ सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने बोनस दिए जाने एवं समय बद्ध वेतनमान पर गठित कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद द्विपक्षीय वार्ता कर उसको लागू करने का आश्वासन दिया गया मंत्री जी ने कहा कि विद्युत विभाग का कार्य काफी संवेदनशील एवं जनमानस से जुड़ा हुआ है इसलिए उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि विद्युत कर्मी जनता की सेवा करें एवं उत्तम सेवा प्रदान करें उन्होंने सभागार में उपस्थित हजारों कर्मचारियों के समक्ष घोषणा किया कि विद्युत कर्मियों के चिकित्सा के लिए कैशलेस की सुविधा जल्द से जल्द प्रदान की जाएगी एवं दुर्घटनाग्रस्त कर्मचारियों के इलाज के लिए कैशलेस व्यवस्था बहाल किया जा चुका है उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत कर्मियों के अथक प्रयास और लगन के कारण उनके बीते एक साल के कार्यकाल में विद्युत उत्पादन में 13% से ज्यादा की वृद्धि हुई है साथ ही 5%से ज्यादा की अळ&उ लास की कमी हुई है उन्होंने कर्मचारियों से आत्मीयता व्यक्त करते हुए कर्मचारियों के संबंध में की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को समाप्त कराने के साथ ही 3 दिसंबर 2022 के लिखित समझौते को लागू कराने का भरोसा दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## प्राकृतिक खेती श्री अन्न जागरण अभियान के अंतर्गत किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया



प्रखर वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा वाराणसी महानगर द्वारा आज काशी विद्यापीठ ब्लॉक पर सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत प्राकृतिक खेती श्री अन्न जागरण अभियान के अंतर्गत किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र किसान मोर्चा महामंत्री डॉ0 जयनाथ मिश्रा द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे मे विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में प्राकृतिक रूप से प्राकृतिक संसाधनों द्वारा एवं प्राकृतिक विधि से खेती को अपनाने पर जोर देना चाहिए एवं भारत में उगने वाले मोटे अनाज जिस में प्रचुर मात्रा में कार्बन ,फाइबर एवं प्रोटीन पाए जाते हैं उन्होंने बताया कि मोटे अनाज द्वारा हमारे पूर्वज स्वस्थ जीवन कई वर्षों तक बिना किसी बीमारी के जीते थे मोटे अनाज को प्रत्येक व्यक्ति को अपने रोज के खानों में शामिल करना चाहिए भारत मिलेट्स को लोकप्रिय बनाने के काम में सबसे आगे है, जिसकी खपत से पोषण, खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण को बढ़ावा मिलता है." उन्होंने आगे कहा, भारत, विश्व में श्रीअन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है. भारत में कई प्रकार के श्रीअन्न की खेती होती है, जिसमें ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टू, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सामा शामिल हैं ।दुनियाभर में पैदा होने वाले मोटे अनाज में 41 प्रतिशत तक भारत में पैदा होता है. साल 2021-22 में मोटे अनाजों को एक्सपोर्ट करने में भारत ने 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है. भारत में पैदा होने वाले मोटे अनाज जैसे बाजरा, रागी, ज्वार और कुट्टू अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन, नेपाल, सऊदी अरब, यमन, लीबिया, ओमान और मिस्त्र जैसे देशों में निर्यात किए जाते हैं। कार्यक्रम के विशेष अतिथि काशी विद्यापीठ के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवेश सिंह पटेल जी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे उपकरण एवं सब्सिडी के बारे में बताया और बताया कि काशी विद्यापीठ ब्लाक पर यह सभी सुविधाएं उपलब्ध है ।कार्यक्रम के संयोजक महानगर मंत्री जितेंद्र पांडे थे। सह संयोजक रामनगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह जी थे ।कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा योगेश सिंह पिंकू जी द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन महानगर मंत्री रोहित जयसवाल जी द्वारा किया गया इस अवसर पर महामंत्री अमित सिंह चिंटू जी एवं विवेक पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर सम्मानित किसान एवं महानगर एवं मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मिजार्मुराद क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी है हरे पेड़ों की कटाई, पुलिस व वन विभाग मौन



प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। क्षेत्र के चित्रसेनपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे हरे आम के पेड़ को काट के गिरा दिया गया। रविवार के दिन चित्रसेनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित एक निजी मोटर वर्कशॉप की दुकान के बगल में हरे फल लगे वृक्ष को लकड़ी व्यवसाई द्वारा काट गिराया गया। जिस आम के पेड़ को व्यापरी द्वारा कटवाया गया उसमे आम के फल (टीकोरा) भी लगे थे। पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों की कटाई क्षेत्र भर में जारी है।

## आन्धी से गिरे खम्बे से विद्युत उपकरण हुए चोरी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। गत दिनों चक्रवाती हवाओं के बीच गजोखर से पिंडरा उपकेंद्र के लिए आई लाइन के पोल बीच मे गिरने के बाद चोरों ने दर्जनो क्रास आर्म्स समेत अनेक उपकरण चुरा गए। घटना की जानकारी तब हुई जब लाइन को ठीक करने के लिए अधिकारी सर्वे करने पहुँचे। इस बाबत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। विदित हो कि गत 21 मार्च को आई आंधी के बीच 40 खम्बे गिर गए थे। जब लाइन ठीक करने व सर्वे करने जेई पहुचे तो खम्बे के 34 इंसुलेटर, क्रॉस आर्म, पिन समेत अनेक उपकरण चोरी होने की जानकारी हुई। जिसपर जेई सर्वेश कुमार ने रविवार को फूलपुर थाने पर अज्ञात के खिलाफ धारा 136 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। बताते चलें कि उक्त पोल के टूटने से गजोखर से पिंडरा व पिंडरा तहसील उपकेंद्र के लिए लाइन ठप है। उसकी आपूर्ति हरहुआ स्थित 132 एमबी पावर हाउस से चल रही है। जिससे ग्रामीणों को लोबेल्टज , ट्रिपिंग की समस्या झेलना पड़ रहा है।

## साहित्यकार विनोद द्विवेदी की लघु कथा आखरी व्रत का हुआ विमोचन



वाराणसी। रचना रचनाकार को भी रचती है। विनोद द्विवेदी की लघुकथाओं को पढ़ने पर यह सिद्ध होता है।" यहाँ जानकी नगर स्थित लान के हाल में विनोद द्विवेदी कह के लघुकथा - संकलन " आखिरी व्रत " का विमोचन करते हुए प्रोठ अवधेश प्रधान, प्रो० वशिष्ठ अनूप ओम धीरज,प्रकाश उदय, प्रो0 कैलाश तिवारी और हिमांशु उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संग्रह की कहानियाँ अपनी लघुता मैं भी क्षित्र, उत्प्रेरक और जलस्पर्शी हैं। प्रदेश प्रधान ने कहा कि आज के समाज में विसंगतियों और विद्रूपताओं को उकेरते हुए लेखक ने मनुष्य की संवेदनशीलता कडे जाग्रत करने के लिए ऐसी नाटकीय लघुकथाएँ लिखी हैं। यह संग्रह पहनीय और संग्रहणीय है। द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भो अब्बल श्रीवास्तव गिरिथचन्द्र फ ७० डॉ शम्भूनाथ शतरथी, भी गौरी शंकर तिवारी,भोला नाथ विक डॉ सुनील नारायण उपाध्याय, पूर्ण हिमांसु उपाध्याय विजय शंकर पाण्डेय,डॉ अशोक द्विवेदी, भी महेन्द्र अलंकार ए. डॉ प्रकाश उदय के काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन कवि सम्मेलन का संचालन डॉ वेद प्रकाश मान्डेम से किया। कविसम्मेलन प्रतिष्ठित नवगीत ओमजीरज की अध्यक्षता में किया गया।



बॉलीवुड

# अल्लू अर्जुन की सबसे ज्यादा रेटिंग वाली फिल्म

दो दशकों में, अल्लू अर्जुन कई ब्लॉकबस्टर दे कर प्रमुखता से उभरे हैं। उनकी आखिरी रिलीज पुष्पाः द राइज - पार्ट 1 ने तहलका मचा दिया। आर्य, अला वैकुंठप्रेमुलु और परुगु जैसी फिल्मों ने उन्हें सराहना दिलाई। पिछले साल दिसंबर में, वह आईएमडीबी के 2022 के शीर्ष 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय सितारों में नौवें स्थान पर रहे। यह दुनिया भर में आईएमडीबी के 200 मिलियन से अधिक मासिक आगंतुकों के आधार पर तैयार की गई एक सूची है। अल्लू पुष्पा फ्रेंचाइजी की दूसरी किस्त में पुष्पाः द रूल - पार्ट 2 के साथ दिखाई देंगे।

## सोनू सूद का बुलावा ऑडिशन के लिए



एमटीवी रोडीज के पिछले सीजन के होस्ट, सोनू सूद अमृतसर में एमटीवी रोडीज के अगले सीजन के लिए कमर कसते और सीजन 19 के लिए ऑन-ग्राउंड ऑडिशन की घोषणा करते हुए दिखे। सोनू गन्ने के रस के साथ तैयारी करते हुए दिखाई पड़े। शो के नवीनतम सीजन- 'कर्म या कांड' है। सोनू ने कहा, मैं एमटीवी रोडीज के नए सीजन के साथ फिर जुड़कर रोमांचित हूं। यह मनोरंजन, साहस और रोमांच की रोमांचकारी यात्रा होने वाली है। एडवेंचर शो और युवाओं के लिए अव्यवस्था को तोड़ने वाली घटना के रूप में खुद के लिए जगह बनाई है। सीजन 19 ऑन-ग्राउंड ऑडिशन के साथ वापसी करने के लिए तैयार है।




## पूजा का साउथ इंडियन स्टाइल

पूजा हेगड़े की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का एक और गाना रिलीज हो चुका है। पूजा का लुक पंसद भी आ रहा है। इस गाने में परिवार के साथ पूजा करती नजर आ रही हैं। उनके साथ साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती और भूमिका चावला भी हैं। सभी सेलिब्रेशन कर रहे हैं। डांस के बीच सलमान खान साउथ इंडियन स्टाइल में एंट्री करते हैं। 'बथुकम्मा' तेलंगाना का फेस्टिवल है, जिसमें महिलाएं फूलों से देवी सती की पूजा करती हैं। फिल्म को फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म ईद के मौके पर यानी 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अरमान का अल्टीमेट पार्टी सॉन्ग

अरमान मलिक ने फिल्म गुमराह से पार्टी सॉन्ग 'घर नहीं जाना' के साथ चौंका दिया। आदित्य रॉय कपूर और वेदिका पिंटो वाले इस बीट्स पर अरमान की आवाज हैं। अरमान ने कहा, गुमराह का 'घर नहीं जाना' बेस्ट हूकी पार्टी ट्रैक है। मुझे इस तरह के गाने कभी-कभार ही सुनने को मिलते हैं क्योंकि बॉलीवुड में लोग आमतौर पर मुझसे रोमांटिक गानों की उम्मीद करते हैं। यह गाना जहराह खान, तनिष्क बागची और रश्मि विराग की तिकड़ी के साथ मेरा पहला कोलेब्रेशन है। रश्मी विराग द्वारा लिखा गया है।



## चार महिलाओं के असंभव सपने की कहानी

डिज्नी प्लस हॉटस्टार के शो 'सास,बहू और फ्लेमिंगो' के साथ सास बहू 2.0 कहानी सास-बहु रिश्ते की हर चीज को, नए रूप में प्रस्तुत करती है। सास जो निर्लज्ज रूप से कट्टर है और बहुएं जो जिद्दी और हार न मानने वाली है। ये औरतें अक्खड़, ताकतवर, और निष्ठुर हैं। इसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है, इसमें डिम्पल कपाड़िया, राधिका मदान, अंगिरा धर और ईशा तलवार मुख्य भूमिकाओं में हैं। आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल और मोनिका डोगरा, आदि। सास बहू और फ्लेमिंगो 5 मई, डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगा। डिम्पल कपाड़िया ने कहा, जुनून और गड़बड़ियों से भरी दुनिया में क्या चीज साधारण लोगों को असाधारण बनाती है। इसमें स्वच्छंद महिलाओं का झुंड है, जो ऐसा नैरेटिव देती हैं, जिसे अक्सर पुरुष किरदार निभाते हैं, मेरा यकीन मानिए, इसमें अब तक के सबसे रंगीन किरदार हैं। यह अदजानिया के दिमाग की तरह पागलपन से भरा है। उन्होंने ऐसा फैमिली ड्रामा बनाया है, जो देखने में बड़ा ही दिलचस्प है।




## श्रेनु भाविका हैं बहनों की तरह

जीटीवी के शो मैत्री में श्रेनु पारिख और भाविका चौधरी सहेलियां बचपन से ही बेहद करीब है। श्रेनु और भाविका बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। सेट पर बहनों की तरह एक दूसरे का ख्याल रखती है और हमेशा मदद के लिए तैयार रहती है। श्रेनु बताती हैं, जब मैं सेट पर घायल हो गई थी, तब उसने बहन की तरह मेरा ख्याल रखा। जब हम शूटिंग नहीं कर रहे होते, तब भी मित्रा नाम के ग्रुप पर बातें करते हैं, जहां हम हर बात डिस्कस करते हैं। ऐसा बहुत कम होता है, जब कोई ऐसा मिले जिससे काम पर खुलकर बात कर सकें और तब भी, जब आप वेस्ट नहीं कर रहे हों।



टीवी

## बख्तियार बनेंगे व्योम शर्मा

कलर्स के 'तेरे इश्क में घायल' शो के साथ कई जाने-माने कलाकार धीरे-धीरे जुड़ रहे हैं, नया नाम है बख्तियार ईरानी का। वह व्योम शर्मा का किरदार निभाते नजर आएंगे, जो ईशा के चाचा हैं।



बख्तियार ने कहा, टेलीविजन पर वापसी करने के लिए मैं उत्सुक हूं, पहली बार हाथ आजमाने जा रहा हूं। मैं व्योम का किरदार निभाने वाला हूं, जो शहर के काउंसिल मेंबर्स में से है। यह ग्रे शेड्स के साथ पॉजीटिव रोल है, बतौर ऐक्टर हमेशा से ही मेरी दिलचस्पी रही है। मेरी दोस्त और बेहतरीन अदाकारा शिल्पा अग्निहोत्री के साथ काम करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। मैं बेहद खुश हूं।

## टेरेंस लुईस को भावुक कर दिया

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो, इंडियाज बेस्ट डांसर का तीसरा संस्करण में देश भर के डांस प्रेमी एंटरटेनमेंट, इमोशन, न्यूनेस एंड टेक्नीक स्पेशलिस्ट्स जज सोनाली बेंद्रे, टेरेंस लेविस और गीता कपूर को प्रभावित कर दिया।



इंदौर के 23 वर्षीय प्रतियोगी अक्षय पाल 'मेरा पहला पहला प्यार' गाने पर 'पॉपिंग' डांस स्टाइल से दिया। अक्षय अपने करियर में गिरावट का सामना करना पड़ा, जिसने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया। इसके बावजूद, अक्षय ने साबित किया कि वह धमाके के साथ वापस आ गया है। टेरेंस अक्षय के पूरक हैं, यह ईमानदार और ईमानदार प्रदर्शन था।



## औरत बनकर बेहतरीन दिखता हूं : आसिफ शेख

आसिफ शेख हिन्दी टेलीविजन और फिल्मों की दुनिया का जाना-माना नाम है, उन्हें एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा के किरदार से काफी शोहरत मिली है। आसिफ बताते हैं, सीख, हंसी और आनंद से भरे इस बेहतरीन सफर को देखकर हमें बहुत गर्व और खुशी होती है। मैं विभूति नारायण मिश्रा जैसे बेजोड़ किरदार के लिए आभारी हूं। इन आठ सालों में मैंने जो भी मजेदार किरदार निभाए हैं, वह दर्शकों को अच्छे लगे है। मैं 50 साल से ज्यादा की उम्र में 30 साल के विभूति का किरदार निभाना खुशकिस्मती समझता हूं मुझे महिलाओं के किरदार निभाने में मजा आता है। महिला का किरदार निभाने में उतनी चुनौती होती बल्कि यह बड़ा मनोरंजक होता है। मैं औरत बनकर बेहतरीन दिखता हूं (हंसते हैं)। मैंने हर उम्र की औरत का किरदार निभाया, जोकि शुरूआत में चुनौती वाला लेकिन बाद में देखने लायक था।

## सेट पर इफ्तारी



स्टार भारत के शो 'अजूनी' के सेट पर इफ्तारी पार्टी की। आयुषी खुराना ने इफ्तारी के खास पलों को साझा किया। आयुषी कहती हैं, हर त्योहार मेरे दिल के बहुत करीब है खासकर जब हम बहुत प्यार, सहयोग और एकजुटता के साथ मनाते हैं, यह मेरा पहला इफ्तार रहा, जहां हमने खजूर, फल, स्वादिष्ट भोजन खाकर करते हैं शोएब इब्राहिम रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तारी खाते हैं। वह आगे कहती हैं, मैंने एक दिन के लिए अपनी सहेली के साथ रोजा रखा था। सभी परंपराओं और रीति-रिवाजों का पालन भी किया था और यह अद्भुत एहसास था।

## हमें बेहतर इंसान बनाते हैं पालतू जानवर : आशी



जी टीवी के शो 'मीत' में मीत हुड्डा (आशी सिंह) है। आशी के घर पर फैमिली मेंबर्स के अलावा नन्हें पालतू जानवर भी हैं, जो उनका पूरा तनाव हल्का कर देते हैं। आशी बताती हैं, मुझे जानवरों से हमेशा बहुत लगाव रहा है और अपनी जिंदगी में टिल्ली, जोई और डॉबी को पाकर घर का पूरा माहौल खुशनुमा हो गया है। ऐसा लगता है जैसे हमारे घर में 3 बच्चे हैं और उनकी तरह हम भी सारा समय उनका अटेंशन पाना चाहते हैं। मैं अपनी सारी जिंदगी किसी ना किसी पालतू जानवर के साथ पली-बढ़ी हूं। हमें हमेशा उनका बहुत ख्याल रखना पड़ता है और यह बड़ी जिम्मेदारी है। हम में से कोई ना कोई हमेशा उनका ख्याल रखने और उन्हें समय पर खाना देने के लिए घर पर रहता है। ये घर के सदस्य बन गए हैं।

## 6 साल का लीप

जीटीवी ने मैत्री शो की कहानी बदलने वाली है, इसमें 6 साल का लीप आएगा। श्रेनु पारिख बताती हैं, 6 साल का यह लीप यकीनन कहानी में बहुत सारे रोमांचक मोड़ लेकर आएगा। मैं उत्साहित हूं कि हमने शूटिंग शुरू कर दी है। कहानी का हाई पॉइंट अब शुरू होता है। भाविका चौधरी बताती है, इस लीप के बाद नंदिनी का नया अवतार देखने को मिलेगा। तिवारी परिवार में उनकी वापसी के साथ सभी की दुनिया बदल जाएगी। मैं पहली बार बच्चे के साथ शूटिंग करूंगी। यह मेरे लिए और चैलेंजिंग और रोमांचक होगा। मैं मां का रोल निभाऊंगी।





## काजल बनना चाहती थी वकील



काजल चौहान स्टार भारत के शो, 'मेरी सास भूत है' में गौरा की मुख्य भूमिका निभा रही हैं। काजल उत्तर प्रदेश के परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जहां किसी ने कभी एक्टिंग में करियर बनाने के बारे में नहीं सोचा था। काजल खुद वकील या जज बनने की ख्वाहिश रखती थी। काजल बताती हैं, मेरी मां हमेशा किसी को अभिनय क्षेत्र में देखने का सपना देखती थी और जैसे-जैसे मैं बड़ी हुई, मनोरंजन इंडस्ट्री में मेरी दिलचस्पी बढ़ती गई। मेरी मां सास बहू और साजिश सेगमेंट देखती थी और मुझे स्क्रीन पर देखने की कल्पना करती थी। मेरे अभिनय के सफर में मेरी मां मेरा सबसे बड़ा सहारा रही हैं। वह आगे कहती हैं, आखिरकार, मैंने अभिनय के लिए अपने जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया और सहायक कलाकार के रूप में अभिनय के सफर की शुरुआत की। मैंने कई टीवी शोज में काम किया।

## श्रावणी बनीं गौरिका शर्मा



शेमारू उमंग की 'श्रावणी' की कहानी प्रतिष्ठित पौराणिक चरित्र श्रवण कुमार के इर्द-गिर्द घूमता है। बाल कलाकार गौरिका शर्मा श्रावणी की मुख्य भूमिका निभाएंगी।श्रावणी दृढ़ निश्चय करने वाली बच्ची है, जो अपने अंधे माता-पिता के लिए आशा की किरण है। गौरिका ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। श्रावणी की भूमिका अद्भुत है। वह बहुत ही दयालु और खुशमिजाज व्यक्ति है और मैं उसके जैसा बनने की पूरी कोशिश कर रही हूं। मुझे शूट करते हुए बहुत मजा आ रहा है।

## मैंने संघर्ष के अनुभवों से प्रेरणा ली : आशीष विद्यार्थी

जी थिएटर का टेलीप्ले, 'दयाशंकर की डायरी' अधूरे सपनों के दर्द को समेटे हुए है, इसे नादिरा बब्बर द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। इस नाटकीय संस्मरण को एयरटेल थिएटर, डिश टीवी रंगमंच एक्टिव और डी2एच रंगमंच एक्टिव पर दिखाया। अभिनेता आशीष विद्यार्थी छोटे शहर के संघर्षरत अभिनेता की भूमिका निभाते हैं, जो अपनी बॉलीवुड आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मुंबई आता है। आशीष ने कहा, ये कहानी दर्शाती है कि क्या होता है, जब छोटे शहरों की आकांक्षाएं महानगरीय शहर की वास्तविकता से टकराती हैं। कहानी सिर्फ व्यक्ति की नहीं है बल्कि सादगी और जटिलता, विभिन्न संवेदनाओं और संस्कृतियों के बीच के संघर्ष की है। यह दयाशंकर के दिमाग का अध्ययन भी है, जो असहनीय वास्तविकता से निपटने के लिए काल्पनिक दुनिया बनाता है। मैंने संघर्ष के अपने अनुभवों से भी सीख ली। जब मैं दिल्ली से मुंबई आया, पूरी तरह से अपरिचित दुनिया में कदम रखने का अनुभव भयावह था। मैं अकेला और चिंतित था। नकारात्मकता और शंकाएं आत्मविश्वास को हिला सकती हैं लेकिन खुद पर विश्वास रखना होगा। मैं 22 साल से अधिक के अंतराल में अभिनेता और इंसान के रूप में विकसित हुआ हूं। दयाशंकर की डायरी के फिल्मांकन निर्देशक सुमन मुखोपाध्याय ने किया है।





## मिक्की की नाटकीय एंट्री

मिक्की डुडाने एण्डटीवी के फैमिली ड्रामा 'दूसरी मां' में वरुण शर्मा की भूमिका में नजर आएंगे। वरुण एक विरोधी किरदार होगा। डुडाने ने कहा, मेरे किरदार भूचाल लेकर आएगी। वह शैतानी चाल चलेगा और कृष्णा का असली पिता होने का दावा करेगा। वरुण आकर्षक है और अपने करिश्मे से गुप्ता परिवार को प्रभावित करना चाहता है। उसका अपना जलवा है और उसका किरदार कई परतों वाला है। यह भूमिका मेरे लिए बड़ी बेहतरीन है, क्योंकि मैंने विरोधी किरदार के तौर पर ज्यादा काम नहीं किया है। जयपुर में शो की शूटिंग कर रहे एक्टर ने आगे कहा, साथी कलाकार दोस्ताना और स्वागत करने वाले हैं और जयपुर में शूटिंग करना मजेदार है। जयपुर मुझे घर जैसा लगने लगा है।

## पूरे किए 100 एपिसोड

स्टार भारत के शो 'आशाओ का सवेरा...धीरे धीरे से' ने 100 एपिसोड पूरे कर लिए है। महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े होने और अपने लिए लड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। रीना कपूर बताती हैं, हमारे शो ने 100 एपिसोड पूरे कर लिए हैं और मेरे लिए बहुत संतोषजनक और फायदेमंद रहा है। मेरे पास भावना के किरदार को निभाने और इसे प्रदर्शित करने के लिए बहुत कुछ है। मेरा किरदार आज उन महिलाओं के लिए प्रेरणसोत के रूप में उभरकर आ रहा है, जो खुद को कमजोर और असहाय समझती हैं। उन्हें याद दिलाने की जरुरत है कि उन्हें किसी की जरुरत नहीं है, वे चाहें तो अकेली ही काफी हैं।







## इलैयाराजा के म्यूजिक स्कूल का गाना

उस्ताद इलैयाराजा के बहुभाषी म्यूजिकल म्यूजिक स्कूल के पहले गीत 'पढ़ते जाओ बच्चा' को रिलीज कर दिया। इलैयाराजा द्वारा रचित, पढ़ते जाओ बच्चा को डॉ. सागर और रमन रघुवंशी द्वारा लिखा गया है, जिसे प्रिया माली, आदित्य बालाजी, ऋतिक जयकिश, पद्मजा श्रीनिवासन वैमू और संदीप ने गाया है। म्यूजिक स्कूल में श्रिया सरन, शरमन जोशी, शाम और प्रकाश राज के साथ-साथ नवोदित कलाकार ओजू बरुआ और ग्रेसी गोस्वामी हैं, अन्य कलाकारों में बेंजामिन गिलानी, सुहासिनी मुले, मोना अम्बेग्नकर, और कई अन्य बाल कलाकार शामिल हैं। इस बहुभाषी फिल्म को हिंदी और तेलुगु में शूट किया है और तमिल में डब किया है। यह 12 मई को हिंदी/ तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है।

## अदिति शर्मा ने रीडिजाइन किया मेकअप रूम

सेट पर घर जैसा महसूस करने के लिए आदिति शर्मा ने अपने मेकअप रूम को बड़ी खूबसूरती से पर्सनल टच दिया है। अदिति ने अपने रूम की दीवार पर कुछ मोटिवेशनल पोस्टर्स लगाए हैं और खुद ही पेंट करके इसे फ्लोरल डिजाइन दे रही हैं। अदिति बताती हैं, चूंकि हम अपना ज्यादातर वक्त सेट पर बिताते हैं, इसलिए हमें वहां घर जैसे सुकून की जरूरत होती है। इसके लिए मैंने खुद ही अपने कमरे का सेटअप तैयार किया है, ताकि मैं इसमें कम्फर्टेबल महसूस कर सकूं। मेरे कमरे का व्हाइट और ब्लू थीम है, जो बहुत सुकून देता है, साथ ही यह बड़ा सादगी भरा और सुंदर है। मुझे बोहो वाइब भी बहुत पसंद है, इसलिए मैंने दीवार पर कुछ एसेसरीज भी लगाई हैं। मेरा मानना है कि मोटिवेशनल कोट्स पढ़कर बहुत पॉजिटिव एनर्जी मिलती है, इसलिए मैंने दीवार पर बहुत सारे मोटिवेशनल कोट्स लिखे पोस्टर्स भी लगाए हैं। मैंने अपने कमरे में मिनी किचन भी लगाया है, जिसमें माइक्रोवेव ओवन और मिनी फ्रिज भी है क्योंकि मुझे अपना खाना गर्म अच्छा लगता है। इसमें छोटा-सा मंदिर भी है और अपने रूम को अपना पर्सनल टच देने के लिए मैं इसके दरवाजे को भी पेंट कर रही हूं। इस पेंटिंग में खास तौर पर चेरी ब्लॉसम और पत्तियां शामिल हैं।





## ध्वनि गौरी की प्रेरणा

ध्वनि गौरी अपनी परफॉर्मेंस में निखार लाने के लिए लगातार काम कर रही हैं लेकिन शुरुआत में वो श्वेता तिवारी और मानव गोहिल के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने को लेकर बहुत नर्वस थी। ध्वनि का कैरेक्टर बोल्ड और कॉन्फिडेंट लड़की का है लेकिन असल में ध्वनि काफी शर्मीली और इंट्रोवर्ट है। ध्वनि बताती हैं, मैं इस बात की बेहद शुक्रगुजार हूं कि मुझे ऐसा दिलचस्प किरदार मिला। मैं बहुत रिजर्व इंसान हूं और अपने विचारों को लेकर उतना नहीं खुल पाती, जबकि दिशा बहुत स्ट्रॉन्ग है और साफ बोलना पसंद करती है। मुझे हर दिन श्वेता तिवारी मैम और मानव गोहिल सर से एक्टिंग के बारे में कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलता है। मैं अपने सीस की रिहर्सल करती हूं लेकिन वो दोनों बड़े सहज और बढ़िया एक्टर्स हैं, जिनके साथ काम करके बहुत अच्छा लगता है। वो मुश्किल से मुश्किल सीन को भी बड़ा आसान बना देते हैं। मैं उन्हें पसंद करती हूं और उनकी बहुत इज्जत करती हूं। वे मेरे लिए प्रेरणा हैं।

# कलाकारों ने कहा सेहतमंद रहना है जरूरी

अपनी सेहत को प्राथमिकता दें और उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, अच्छी सेहत के तोहफे की सराहना करें और अपनी जीवनशैली में बदलाव लाने का वादा करें -



**काम्या पंजाबी** : हमारा खाना हमारे शरीर के लिए सिर्फ ईंधन नहीं, बल्कि दवाई भी होता है। महंगी दवाएं खा लेते हैं लेकिन सेहतमंद आहार लेने से हिचकिचाते हैं। वक्त आ गया है कि हम अपनी सोच बदलें और अपने शरीर को वह देखभाल और सम्मान दें, जो उसे चाहिए। छोटे-छोटे बदलाव, जैसे कि ज्यादा फल और सब्जियां खाना, तेल और नमक का कम इस्तेमाल करना और प्रोटीन को महत्व देना, हमारी पूरी सेहत पर बड़ा असर डाल सकते हैं।



**गशमीर महाजनी** : फिट और हेल्दी रहना कोई लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत है, खासकर एक्टर्स के लिए, जो बहुत शारीरिक मेहनत करते हैं। मैं अपने फिटनेस के नियमों को गंभीरता से लेता हूं। मेरा मानना है कि शरीर और दिमाग, दोनों की सेहत पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। मैं सब-कुछ खाता हूं, पर संयम से।



**गौतम सिंह विज** : हेल्दी और फिट रहने के लिए अनुशासन, प्रतिबद्धता और निरंतरता चाहिए। कसरत करने, बैलेंड डाइट लेने और डॉक्टर से सलाह लेते रहने पर शरीर और दिमाग की तंदुरूस्ती कमाल की हो सकती है। इससे तनाव दूर होता है।



**मोनालिसा** : मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ परफेक्ट बॉडी से नहीं बल्कि भीतर अच्छा महसूस करने से है। डांसिंग मुझे बहुत पसंद है, मैं उसका इस्तेमाल सक्रिय और सेहतमंद रहने के तौर पर करती हूं। पूरी तंदुरूस्ती के लिए जरूरी है कि जिन्दगी को लेकर सकारात्मक रवैया रखें।



**फहमान खान** : एक्टर होने के कारण मेरा पेशा मेरे शरीर और दिमाग से बहुत मेहनत करवाता है। सेहत और तंदुरूस्ती का ध्यान रखना मेरे लिए सबसे ऊपर है। मैंने फिटनेस के सफर की शुरूआत अपनी देखभाल की आदतों से की थी, जो कि ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। अनाप-शनाप खाने से बचना और लगातार सेहत से भरे फैसले लेना महत्वपूर्ण है, जो आपके लिए सबसे अच्छे हों। ■

# सही फाइनेंशियल प्लानिंग से चूके तो खा जाएंगे भारी घाटा

▶▶ निवेश के लिए मिडकैप, स्मालकैप, एफडी व बॉन्ड बेहतर विकल्प ▶▶ इस साल में अपने पैसों को करें सही जगह निवेश, कमाएं मुनाफा ▶▶ पिछले साल मिडकैप और स्मालकैप सेग्मेंट में आई थी गिरावट ▶▶ इस साल ये सेग्मेंट कर सकते हैं निवेशकों को मालामाल ▶▶ बीएसई स्मालकैप इंडेक्स 4.50 फीसदी से ज्यादा कमजोर हुआ

**निवेश मंत्रा**

बिजनेस डेस्क



यदि आप निवेश के जरीये अच्छा रिटर्न कमाना चाहते हैं तो फाइनेंशियल प्लानिंग सही ढंग से करें। कहीं भी निवेश करने से पहले एक बार बाजार की जानकारी जरूर हासिल कर लें। इससे आपको अच्छा मुनाफा होगा और आप आसानी से मोटा रिटर्न हासिल कर पाएंगे। आम तौर पर बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो अपने फाइनेंस या निवेश को लेकर समय-समय पर प्लानिंग करने से चूक जाते हैं। इससे कई बार वे बाजार से मिलने वाले रिटर्न का फायदा नहीं उठा पाते और घाटे में चले जाते हैं। यहां तक की अपनी जमा पूंजी भी गंवा बैठते हैं। खासतौर पर इमरजेंसी के समय रुपये पैसों को लेकर बड़ा नुकसान कर बैठते हैं। वैसे तो फाइनेंस से जुड़ी स्ट्रैटेजी बनाने के लिए किसी समय का इंतजार नहीं करना चाहिए, यह तो आपकी आदत में होनी चाहिए, लेकिन जब नया फाइनेंशियल ईयर शुरू हो चुका है और आप ऐसा करने से रह गए तो अभी प्लानिंग कर सकते हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि कुछ टिप्स अपनाकर आप भी खुद को टेंशन फ्री कर सकते हैं और बाजार में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### निवेश का सही समय

बीते फाइनेंशियल ईयर की बात करें तो मिडकैप और स्मालकैप सेग्मेंट में गिरावट आई है। पिछले फाइनेंशियल ईयर में खासतौर से बीएसई स्मालकैप इंडेक्स 4.50 फीसदी से ज्यादा कमजोर हुआ है, इस दौरान मिडकैप और स्मालकैप दोनों ही सेग्मेंट में कई मजूबत फंडामेंटल वाले शेयर भी डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहे हैं। ऐसे में इन दोनों स्पेस में निवेश करने का मौके बने हैं। बेहतर यह है कि इनमें म्यूचुअल फंड सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी एसआईपी के जरिए धीरे-धीरे लंबी अवधि के लिए पैसे लगाएं। इससे लंबी अवधि में आपको मोटा पैसा बनाने में मदद मिलेगी।

### जितना हो सके, कम करें लोन

जानकारों का कहना है कि रेट हाइक साइकिल के दौर में 1 साल से भी कम असमय में बैंकों ने होमलोन पर ब्याज दरों में 1.5 से 2.5 फीसदी तक इजाफा कर दिया है। ज्यादातर बैंकों के होम लोन इंटरेस्ट रेट 9.50 फीसदी के आस पास पहुंच गया है। ऐसे में या तो ईएमआई बढ़ गई हैं या ईएमआई के जरिए पेमेंट करने के महीने बढ़ गए हैं। इसलिए अगर नए फाइनेंशियल ईयर की शुरूआत में आपके पास एक्स्ट्रा या सरप्लस फंड है तो अपने लोन को रीपेमेंट के जरिए जितना हो सके, कम करें। इससे बढ़ी ब्याज दरों का बोझ आप पर कम होगा।

### अभी पूरा पैसा निवेश में न लगाएं

निवेश करते समय यह भी ध्यान रखना चाहिए कि अपना पूरा पैसा एक साथ निवेश नहीं करना चाहिए। अपने पास कुछ इमरजेंसी फंड बाजार में उस समय के लिए बचाकर रखें जब बाजार में अचानक से कोई बड़ी गिरावट आए। बाजार में अगर बड़ी गिरावट आती है तो निवेश का अच्छा मौका बनेगा। उस समय आप बाजार में निवेश करें। इससे आप अच्छा मुनाफा हासिल कर पाएंगे। लेकिन अभी अगर पूरा पैसा ब्लॉक कर दिया तो यह मौका हाथ से निकल जाएगा। इसलिए निवेश में इन बातों का भी ध्यान रखें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं।

### बॉन्ड मार्केट आकर्षक

इस समय बाजार में निवेश के अच्छे ऑन्शन हैं। हाल फिलहाल में बॉन्ड मार्केट भी निवेश के लिए लोगों को आकर्षित कर रहा है। इनके यील्ड में तेजी आई है। ऐसे में मिड ड्यूरेशन फंडों के जरिए अभी इनमें कुछ पैसा लगा सकते हैं। मिड ड्यूरेशन फंड में इस साल का रिटर्न 8 फीसदी तक पहुंच गया है। ऐसे में आप भी बॉन्ड में निवेश कर मुनाफा के लिए उड़ान भर सकते हैं।

### एफडी में निवेश

हाल में बैंकों ने एफडी पर इंटरेस्ट रेट बढ़ाए हैं। पोस्ट आफिस की टाइम डिपॉजिट स्कीम पर भी ब्याज बढ़ गया है। लेकिन जरूरी नहीं है कि आगे भी इन स्कीम पर ब्याज दर ऊंचा या स्टेबल बना रहे। इसलिए बढ़ी ब्याज दरों का फायदा उठाने के लिए एफडी में मौजूदा दर अभी लॉक कर लें।

### मेडिकल इमरजेंसी के लिए पैसा रखें

निवेश करते समय एक सबसे जरूरी बात यह भी है कि किसी भी मेडिकल इमरजेंसी के लिए अपने पास कुछ न कुछ फंड जरूर रखें। बेहतर है कि मेडिकल इंश्योरेंस जरूर खरीदें। उसके अलावा भी आपके पास कुछ इमरजेंसी फंड होना जरूरी है। क्योंकि कोई मेडिकल इमरजेंसी कहकर नहीं आती यह अचानक आती है और कई बार तो इतनी गंभीर हो जाती है कि आपकी पूरी बचत चट कर जाती है। इसलिए ऐसी समस्याओं से बचने के लिए भी अपने पास कुछ फंड बनाएं, ताकि ऐसी स्थिति में आपको अपना निवेश किया गया पैसा नहीं निकालना पड़े। ऐसे मौके पर एफडी तुड़वाएंगे या किसी स्कीम से हटेंगे तो यह आपके लिए नुकसान का सौदा होगा।



# पर्सनल नहीं-प्रॉपर्टी पर लें लोन, ब्याज कम, समय ज्यादा व टैक्स में भी छूट

**सुझाव**

बिजनेस डेस्क

- पैसों की तत्काल जरूरत हो सकेगी पूरी
- प्रॉपर्टी पर लोन लेने के बाद भी उस पर आपका ही हक
- प्रॉपर्टी लोन सेफ लोन कैटेगरी में आता है
- बाकी लोन की तुलना में बेहतर माना जाता है
- प्रॉपर्टी पर लोन नौकरी करने वाले कर्मचारी या बिजनेसमैन कोई भी ले सकता है
- प्रॉपर्टी लोन पर ब्याज दर पर्सनल लोन की ब्याज दर के मुकाबले काफी कम

अगर आपको कभी एक साथ ज्यादा पैसे जुटाने की जरूरत पड़ती है तो आपके पास लोन लेने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है, लेकिन कोई भी लोन लेने पर आपको ब्याज के रूप में काफी पैसा लुटाना पड़ता है। वहीं, लोन लेने के साथ ही उसकी री-पेमेंट ईएमआई भी शुरू हो जाती है, लेकिन हम आपको लोन लेने का एक ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिसमें आपको लोन के रूप में बड़ी राशि मिलती है साथ ही, लोन चुकाने के लिए लंबी अवधि भी मिल जाती है। इतना ही नहीं इस लोन पर आपको तगड़ा टैक्स बेनिफिट भी मिलता है। दरअसल, हम यहां प्रॉपर्टी लोन की बात कर रहे हैं। बता दें कि प्रॉपर्टी पर लोन सेफ लोन कैटेगरी में आता है। इसे बाकी लोन की तुलना में बेहतर माना जाता है। अगर आप प्रॉपर्टी पर लोन लेते हैं तो आपको टैक्स में छूट के साथ और भी कई बेनिफिट्स मिलते हैं। आइए जानते हैं प्रॉपर्टी लोन के क्या फायदे हैं और इसे कैसे ले सकते हैं।

### कौन ले सकता है प्रॉपर्टी पर लोन

प्रॉपर्टी लोन वह लोन होता है जो प्रॉपर्टी की एवज में दिया जाता है। इसमें आप रेजिडेंशियल फ्लैट, ऑफिस, प्लॉट या दुकान आदि कमर्शियल या रेसीडेंशियल प्रॉपर्टी को बैंक या किसी अन्य फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर के यहां जमानत के तौर पर रखकर लोन ले सकते हैं। इससे मिलने वाले फंड का इस्तेमाल आप पर्सनल या कॉमर्शियल दोनों उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं। बता दें कि प्रॉपर्टी पर लोन नौकरी करने वाले कर्मचारी या बिजनेसमैन कोई भी ले सकता है।

### लोन चुकाने की कोई जल्दी नहीं

प्रॉपर्टी लोन के तहत आप लोन के रूप में बड़ी राशि प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, यह राशि आपकी प्रॉपर्टी की कीमत के अनुसार तय होती है। इसके अलावा प्रॉपर्टी लोन को चुकाने के लिए आपको लंबी अवधि का ऑप्शन मिलता है। इसमें आमतौर पर 10 से 20 वर्ष की अवधि में लोन चुकाने की अप्रूवल मिल जाती है। इससे आप ईएमआई की राशि को भी कम करवा सकते हैं, जिससे आपकी जेब पर लोन का बोझ और भी कम हो जाएगा।

### इनकम टैक्स में मिलती है छूट

अगर आप अपनी प्रॉपर्टी पर लोन लेते हैं तो आपको आयकर अधिनियम की धारा 37(1) के तहत ब्याज और प्रोसेसिंग फीस पर टैक्स में छूट का लाभ मिलता है। वहीं, अगर आप लोन में ली गई राशि का उपयोग रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी खरीदने के लिए करते हैं तो आपको आयकर अधिनियम की धारा 24(बी) के तहत टैक्स में 2 लाख रुपये तक की छूट मिलती है। इसके अलावा लोन की राशि का इस्तेमाल बिजनेस, एजुकेशन, शादी या हॉस्पिटल के खर्च आदि में कहीं भी कर सकते हैं।

### कम ब्याज दर पर मिलता है

प्रॉपर्टी लोन पर ब्याज दर पर्सनल लोन की ब्याज दर के मुकाबले काफी कम होती है। वर्तमान में पर्सनल लोन पर बैंकों की ब्याज दर 10.25 फीसदी से शुरू होती है वहीं, प्रॉपर्टी लोन पर ब्याज दर 8.75 फीसदी की सालाना दर से शुरू होती है। यह इसके सबसे बड़े फायदों में से एक है। यह लोन सेफ लोन कैटेगरी में आता है, जिससे लोन नहीं चुकाने की स्थिति में बैंक के लिए उसे रिकवर करना आसान हो जाता है। यही कारण है कि इस लोन पर ब्याज दर कम होती है। वहीं प्रॉपर्टी पर लोन लेने के बाद भी उस पर आपका ही अधिकार रहता है। आप इसका अपनी जरूरत के अनुसार उपयोग करना भी जारी रख सकते हैं।



# आइडिया: नौकरी से ज्यादा कमाई के लिए शुरू करें बिजनेस

बिजनेस डेस्क

यदि आप किसी बिजनेस या रोजगार की तलाश में हैं, जो आपको अच्छा-खासा मुनाफा दे तो आप कृषि क्षेत्र में अपना नसीब आजमाना सकते हैं। इस सेक्टर में मुनाफे की गारंटी है। हम आपको एक ऐसे कारोबार के बारे में बता रहे हैं, जिसे आप सरकारी मदद से शुरू कर सकते हैं और हर महीने मोटी रकम कमा सकते हैं। ये बिजनेस है मुर्गी पालन का। मुर्गी पालन का व्यवसाय आज तेजी से लोगों को आकर्षित कर रहा है। आप किसान हैं या बेरोजगार, या फिर इंजीनियर, मुर्गी पालन का धंधा आपके लिए चंगा साबित हो सकता है। मुर्गी पालन का व्यवसाय आप छोटे स्तर पर अपने घर से भी शुरू कर सकते हैं। इसकी शुरूआत आप 5 मुर्गियों से लेकर हजार मुर्गियों तक कर सकते हैं। सिर्फ कुछ चूजों से शुरूआत कर बेहतर मुनाफा कमा सकते हैं। फिर बिजनेस को आगे बढ़ा सकते हैं। हजारों लोग इस कारोबार से जुड़कर खूब मुनाफा कमा रहे हैं।

### सरकार से मिल जाता है लोन

पॉल्ट्री फार्म के बिजनस के लोन पर सब्सिडी करीब 25 फीसदी होती है। वहीं, एसी-एसटी वर्ग को प्रोत्साहन देने के लिए यह सब्सिडी 35 फीसदी तक हो सकती है। बता दें कि इस कारोबार की खासियत यह है कि इसमें कुछ रकम खुद लगानी होती है और बाकी की बैंक से लोन मिल जाएगा। अगर आप बड़े स्तर पर इस बिजनेस को शुरू करना चाहते हैं तो इस कारोबार को कम से कम 5 से 9 लाख रुपये में शुरू किया जा सकता है। छोटे स्तर यानी 1500 मुर्गियों से लेयर फार्मिंग की शुरुआत करेंगे तो आप 50 हजार से 1 लाख रुपये प्रति महीना तक कमा सकते हैं।


# कभी नहीं खरीदें ऐसा घर वरना कर बैठेंगे नुकसान

प्रॉपर्टी खरीदते समय तीन बातों को बांध लें गांठ वरना बाद में पछताने से नहीं होगा कोई फायदा बगैर दाखिल खारिज वाली प्रॉपर्टी कभी न खरीदें

पहले देख लें कि वहां कब्जा किसका है किसी भी विवाद से बचने के लिए ये बातें बहुत जरूरी

बिजनेस डेस्क

अगर आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने जा रहे हैं तो कुछ बातों को गांठ बांध लें, वरना नुकसान के सिवाय आपको कुछ नहीं मिलेगा। यदि ध्यान नहीं रखेंगे तो अपनी पूंजी और प्रॉपर्टी दोनों ही गंवा बैठेंगे या विवादों में उलझ जाएंगे। इससे आपको नुकसान ही होगा। इसलिए कोई भी प्रॉपर्टी खरीदने से पहले कम से कम तीन बातें जरूर ध्यान रखें, बगैर दाखिल खारिज वाली प्रॉपर्टी कभी न खरीदें, प्रॉपर्टी खरीदने से पहले देख लें कि वहां कब्जा किसका है और उस जमीन का मालिक कौन है। किसी व्यक्ति के जीवन में घर या जमीन खरीदना एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट है। जो उसके भविष्य को सुदृढ़ करता है। यह एक बड़ा निवेश भी होता है। इसमें कुछ भी गलत होना आपके लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। अगर आप कोई प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं तो आपको कुछ बातों का जरूर दिखना रखना चाहिए, जिससे कि आगे चलकर आप किसी मुसीबत में बेवजह न फंस जाएं। प्रॉपर्टी में खाली जमीन, घर, फ्लैट या खेत समेत इस तरह की कोई अचल संपत्ति शामिल हो सकती है। जो आप खरीदना चाहते हैं। जानकारों का कहना है कि कोई भी प्रॉपर्टी खरीदने से पहले आपको तीन बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए। पहला, क्या उस प्रॉपर्टी पर किसी का स्थाई कब्जा है। दूसरा, क्या उसका दाखिल-खारिज हुआ है। तीसरा, जमीन किसके नाम पर है और चौथा यह कि जमीन के दस्तावेज फर्जी लगने पर इसका पता कैसे लगाएं। इस रिपोर्ट के जरीये हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स बताएंगे जो कोई संपत्ति खरीदने पहले ध्यान रखे जाने चाहिए। वरना आपको नुकसान या किसी विवाद का सामना करना पड़ सकता है।



### स्थाई कब्जा

कोई भी प्रॉपर्टी खरीदने से पहले सबसे पहली ध्यान देने योग्य यह बात है कि जो प्रॉपर्टी आप खरीद रहे हैं, उसकी रजिस्ट्री है या नहीं। उस पर उसी शख्स का स्थाई कब्जा भी होना चाहिए, जिससे आप उस प्रॉपर्टी को खरीद रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है तो आपके लिए उस जगह से दूर रहना ही बेहतर है। क्योंकि यह आपकी गाढ़ी कमाई को खराब कर सकती है। किसी अन्य ने सुपत्ति पर कब्जा कर रख होगा तो उसे हटवाना बड़ा मुश्किल काम होगा। ऐसे में आपकी परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए एक बार इन चीजों को चेक कर लें।

### दाखिल-खारिज

दूसरी सबसे अहम बात है कि जो संपत्ति आप खरीदने जा रहे हैं उसका दाखिल खारिज भी है या नहीं इसे भी चेक कर लें। इसे म्यूटेशन ऑफ प्रॉपर्टी भी कहा जाता है। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के साथ उसका दाखिल-खारिज भी उतना ही जरूरी होता है। दाखिल खारिज से यह बात तय हो जाती है कि इस प्रॉपर्टी पर ऐसा कोई विवाद नहीं है जो आपके पल्ले पड़ेगा। कई बार केवल रजिस्ट्री करवाई जाती है और दाखिल खारिज नहीं करवाया जाता। मान लीजिए ऐसी प्रॉपर्टी आपके पास आने से पहले और 3 लोगों के पास थी। अगर इनमें से एक ने भी आपको खिलाफ कोर्ट में दावा किया और आपके पास दाखिल खारिज वाले दस्तावेज नहीं हुए तो आपके लिए परेशानी खड़ी हो जाएगी। इसलिए इस बात का ध्यान रख भी जरूरी है।

### जिसकी जमीन, उसी से खरीदें

तीसरी बात यह भी ध्यान रखें की जमीन हमेशा उसी शख्स से खरीदें, जिसके नाम पर है। जमीन पिता के नाम पर है, लेकिन बेटा उसे आपके नाम कर रहा है तो ऐसे जगह से दूर ही रहना चाहिए। यह बहुत पचड़े वाली प्रॉपर्टी भी हो सकती है। भले ही जो शख्स आपको प्रॉपर्टी बेच रहा है उसके पास पावर ऑफ अटॉर्नी ही क्यों न हो तब भी आप उस जगह को खरीदने से पहले अच्छे से जांच पड़ताल कर लें कि क्या वह पावर ऑफ अटॉर्नी अब मान्य है या निरस्त हो चुकी है।

### दस्तावेज फर्जी तो नहीं

चौथी सबसे अहम बात है कि जो भी जमीन खरीदें, एक बार दस्वेज जरूर चेक करवा लें। आजकल लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीनए खेत या अन्य प्रॉपर्टी बेच देते हैं जो आपके गले की फांस बन सकती है। इसलिए कोई भी जमीनए प्लॉट या अन्य प्रॉपर्टी खरीदने पहले संबंधित अधिकारी से उसके दस्तावेज जरूर चेक करना लें।

## बिजनेस साइट

### डॉ. कालड़ा ने मरीज को दिया नया जीवन




*रायपुर। कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर के संचालक कॉस्मेटिक व रिकन्स्ट्रटीव सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने राजनांदगांव निवासी छन्नू वर्मा को नया जीवन दिया है। प्रेसवार्ता में डॉ. सुनील कालड़ा ने बताया कि छन्नू के दोनों पैर फैक्ट्री में चलती हुई चैन में आ गया था, जिससे हड्डी चकनाचूर हो गई थी। साथ ही दोनों पैर उल्टे हो गए थे। साथ ही पैर 12 सेंटीमीटर छोटे भी हो गए, जिसे 12 सेंटीमीटर तक बढ़ाया गया। डाक्टर ने उम्मीद कर उसका इलाज किया , अब वह मरीज सही सलामत है। विगत 33 वर्षों से डॉ. कालड़ा ने 5 हजार से भी ज्यादा मरीजों के कटे अंगों को जोड़ चुके हैं।*

# मुसीबत में गोल्ड की तरह काम आएगा म्यूचुअल फंड

*एनबीएफसी जियोजित क्रेडिट्स ने 'म्यूचुअल फंड के बदले लोन' स्कीम की शुरुआत की है। इस स्कीम में निवेशक घर बैठे अपनी सुविधा के अनुसार म्यूचुअल फंड्स के बदले लोन ले सकते हैं। निवेशक बिना किसी प्री-पेमेंट या फोरक्लोजर चार्ज के अपने लोन का भुगतान कर सकते हैं। इस स्कीम के जरिए निवेशक अपने म्यूचुअल फंड निवेश को गिरवी रखकर कुछ समय की अपनी लिक्विडिटी से जुड़ी जरूरत पूरी करने के लिए जियोजित ऑनलाइन क्रेडिट्स फैसिलिटी के जरिए तत्काल फंड जुटा सकते हैं।*

बिजनेस डेस्क

क्या आप जानते हैं कि म्यूचुअल फंड भी गोल्ड की तरह मुसीबत में आपके काम आ सकता है। इसके जरिये आप अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। दरअसल, एनबीएफसी जियोजित क्रेडिट्स ने 'म्यूचुअल फंड के बदले लोन' स्कीम की शुरुआत की है। इस स्कीम में निवेशक घर बैठे अपनी सुविधा के अनुसार म्यूचुअल फंड्स के बदले लोन ले सकते हैं। निवेशक बिना किसी प्री-पेमेंट या फोरक्लोजर चार्ज के अपने लोन का भुगतान कर सकते हैं। इस स्कीम के जरिए निवेशक अपने म्यूचुअल फंड निवेश को गिरवी रखकर कुछ समय की अपनी लिक्विडिटी से जुड़ी जरूरत पूरी करने के लिए जियोजित ऑनलाइन क्रेडिट्स फैसिलिटी के जरिए तत्काल फंड जुटा सकते हैं। देश की अग्रणी इंवेस्टमेंट सर्विसेज कंपनियों में से एक जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज की सहायक कंपनी और एनबीएफसी जियोजित क्रेडिट्स ने 'म्यूचुअल फंड के बदले लोन' की शुरुआत करने का ऐलान किया है। निवेशक पूरी तरह से डिजिटल तरीके से काफी कम समय में बिना किसी परेशानी के 10 हजार रुपये से ज्यादा की रकम का लोन ले सकते हैं।

"अपने म्यूचुअल फंड गिरवी रखें और तुरंत पाएं लोन, मिलने वाले रिटर्न से हो जाएगी ब्याज की भरपाई, एनबीएफसी जियोजित क्रेडिट्स देगा आपको लोन, प्री-पेमेंट या फोरक्लोजर चार्ज से कर सकते हैं भुगतान"



### प्रीपेमेंट या फोरक्लोजर चार्ज नहीं

*लोन अगेंस्ट म्यूचुअल फंड्स के जरिए निवेशक अपने म्यूचुअल फंड निवेश को गिरवी रखकर कुछ समय की अपनी लिक्विडिटी से जुड़ी जरूरत पूरी करने के लिए जियोजित ऑनलाइन क्रेडिट्स फैसिलिटी के जरिए तत्काल फंड जुटा सकते हैं। निवेशक घर बैठे अपनी सुविधा के अनुसार म्यूचुअल फंड्स के बदले लोन ले सकते हैं और तत्काल डिस्बर्सल पा सकते हैं। म्यूचुअल फंड्स का स्वामित्व निवेशकों के पास ही रहेगा और वे उन पर रिटर्न प्राप्त करना जारी रखेंगे, लेकिन लोन चुकाए बिना उन्हें रिडीम नहीं कर पाएंगे। निवेशक किसी भी समय लोन ले सकते हैं और लोन की राशि कुछ घंटों के भीतर उनके रजिस्टर्ड बैंक अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगी। निवेशक बिना किसी प्री-पेमेंट या फोरक्लोजर चार्ज के अपने लोन का भुगतान कर सकते हैं। निवेशक द्वारा खर्च की गई रकम पर लोन की अवधि का ही ब्याज लिया जाएगा।*

### नए डिजिटल प्रोडक्ट से निवेशकों को मदद मिलेगी

एलएएमएफ के लॉन्च के बारे में जियोजित क्रेडिट्स का कहना है कि थोड़े समय के लिए रुपयों की जरूरत बढ़ रही है, क्योंकि मांग रफ्तार पकड़ रही है और डिजिटल ट्रांजैक्शन का विस्तार तेजी से हो रहा है। इसलिए हमने यह योजना शुरू की है। इससे लोगों की आर्थिक जरूरतें पूरी होगी और निवेश का सपना भी बरकरार रहेगा। इससे लोगों को नुकसान नहीं हो। वे अपनी जरूरतें पूरी करने के बाद लोन को बीच में भी क्लोज करवा सकते हैं।

### यह भी जानें

लोन अगेंस्ट म्यूचुअल फंड जैसे नए डिजिटल प्रोडक्ट से निवेशकों को बड़ी मदद मिलेगी जो अपनी लंबी अवधि की धन सृजन एवं निवेश से जुड़ी योजना के तहत म्यूचुअल फंड्स को रिडीम किए बगैर प्रतिस्पर्धी दरों पर लोन ले सकते हैं। इसमें उनकी म्यूचुअल फंड की स्कीम भी सुरक्षित रहेगी।

# गुजरात के खिलाड़ी हैट्रिक जीत पर लगाएंगे दांव, कोलकाता के खिलाफ मैच आज

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गत चैंपियन गुजरात टाइटंस आईपीएल के मैच में रविवार को जब कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी तो उसका इरादा जीत की हैट्रिक लगाने का होगा जबकि पिछले मैच में आरसीबी को हराने के बाद केकेआर जीत की लय कायम रखना चाहेगी। गुजरात टाइटंस को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा तो मिलेगा ही, साथ ही उसके पास मैच विनर्स की कमी नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले मैच में युवा शुभमन गिल ने 36 गेंद में 63 रन बनाकर पांच विकेट से रोमांचक जीत दिलाई तो दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ साई सुदर्शन ने 48 गेंद में 62 रन बनाए। फॉर्म में चल रहे दोनों युवा बल्लेबाजों, कप्तान हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी और अफगानिस्तान के राशिद खान की शानदार स्पिन गेंदबाजी का सामना करना केकेआर के लिए आसान नहीं होगा।



## बल्लेबाज लगा रहे रनों का अंबार

गिल इस साल तीनों प्रारुपों में शतक बना चुके हैं और रनों की उनकी भूख कम नहीं हुई है। सलामी बल्लेबाज रिधिमान साहा के रूप में उन्हें अच्छा जोड़ीदार मिला है और यह जोड़ी आईपीएल में किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकती है। अभी तक सिर्फ सात प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके सुदर्शन ने तमिलनाडु के लिए दो शतक बनाए हैं। राहुल तेवतिया चौके छक्के लगाने में ही विश्वास करते हैं और राशिद पिछले साल ही अपनी बल्लेबाजी का नमूना भी पेश कर चुके हैं। डेविड मिलर ने दिल्ली के खिलाफ 16 गेंद में 31 रन बनाकर अपना फॉर्म जाहिर कर दिया था। गेंदबाजों में शमी, राशिद और अलजारी जोसेफ के पास अनुभव है। शमी दो मैचों में पांच विकेट ले चुके हैं लेकिन पावरप्ले के ओवरों में उन्हें रन रोकने होंगे।



मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 3.30 बजे से

## रॉय से केकेआर को उम्मीद

केकेआर ने नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर के चोटिल होने और बांग्लादेश के हरफनमौला शाकिब अल हसन के नाम वापिस लेने के बाद जेसन रॉय को टीम में शामिल किया। अफगानिस्तान के युवा विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज की उम्दा बल्लेबाजी के बाद अब देखना होगा कि जेसन के लिए कहां जगह बनती है। आरसीबी के खिलाफ 81 रन से मिली जीत में शार्दुल ठाकुर ने हरफनमौला प्रदर्शन किया और दिल्ली के युवा गेंदबाज सुयश शर्मा ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने 15 रन देकर चार विकेट लिये जबकि सुनील नारायण ने दो विकेट चटकाए।

## घरेलू पिच पर पंजाब के खिलाफ वापसी करने उतरेंगे सनराइजर्स

हैदराबाद। लगातार दो हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाना होगा। पिछले दो सत्र में आठवें स्थान पर रही सनराइजर्स ने इस बार बेहतर शुरूआत की उम्मीद की थी लेकिन उसे पिछले दो मैचों में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स ने हराया।



सनराइजर्स की हार का प्रमुख कारण उसके बल्लेबाजों की नाकामी रही जो दो मैचों में क्रमशः 131 और 121 रन ही बना सके। लगातार विकेट गिरने से टीम लय हासिल नहीं कर सकी। पहले मैच में पावरप्ले में स्कोर दो विकेट पर 30 रन था जो दूसरे मैच में एक विकेट पर 43 रन। लखनऊ के खिलाफ नौ ओवर के बाद 55 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। नए कप्तान एडेन मार्कराम की वापसी से भी कुछ नहीं बदला। मार्कराम खाता भी नहीं खोल सके।

## खबर संक्षेप



### ऑरलियन्स मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे प्रियांशु

ओरलियंस। भारत के प्रियांशु राजावत ने ओरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में शनिवार को यहां आयरलैंड के न्हाट न्गुयेन को सीधे गेम में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उनके सामने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन या चीन के ली लैन शी में से किसी एक की चुनौती होगी। वह सुपर 300 विश्व टूर स्पर्धा में पहली बार फाइनल में पहुंचे है। राजावत ने अपने आक्रामक खेल से विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज न्गुयेन को कोई मौका नहीं दिया और पुरुष एकल के एकतरफा मुकाबले में 21-12 21-9 से मात दी।

### विकेट के आकलन से मिली सफलता

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से मिली जीत में अपनी सफलता का श्रेय विकेट का सटीक आकलन करने और बल्लेबाजों के शॉट्स को पहले ही भांप लेने को दिया। आईपीएल के पहले सत्र से ही खेल रहे 40 वर्ष के मिश्रा ने सनराइजर्स के खिलाफ दो विकेट लिए। आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स (2008), डेक्कन चार्जर्स (2011) और सनराइजर्स हैदराबाद (2013) के लिए तीन हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज मिश्रा ने वाशिंगटन सुंदर और आदिल रशीद को आउट किया।



### चार्ल्सटन ओपनः पेगुला ने अंतिम-4 में बनाई जगह

चार्ल्सटन। शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला समेत शीर्ष चार खिलाड़ियों ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पेगुला ने 12वीं वरीयता प्राप्त पाउला बेडोसा को 6-3, 7-6 से हराया। जबाउर ने अन्ना कालिंस्काया के खिलाफ 6-0, 4-1 की बढ़त बना ली थी जब बीमार होने से अन्ना को कोर्ट छोड़ना पड़ा। वहीं कसात्किना ने नौवीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-2 से हराया। बेंचिच ने सातवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।



### विकेट गंवाने की आदत से नाराज हुए लारा

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद का कोई बल्लेबाज टिककर खेल नहीं सका और उसके मुख्य कोच ब्रायन लारा अपने बल्लेबाजों की विकेट गंवाने की इसी आदत से खफा हैं। लखनऊ के खिलाफ सनराजइर्स के बल्लेबाज 121 रन ही बना सके जो मेजबान ने चार ओवर बाकी रहते बना लिए। लारा ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक के बाद एक विकेट गंवाते आ रहे हैं। पहले मैच में हमने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवा दिए।

## आईपीएल : जायसवाल और बटलर ने ठोके अर्धशतक

# रॉयल्स की 57 रन से शानदार जीत, कैपिटल्स की हैट्रिक हार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के अर्धशतकों के बाद ट्रेंट बोल्ट के पहले ओवर में दो झटकों से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से करारी शिकस्त दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद जायसवाल (60 रन) और बटलर (79 रन) ने शानदार लय जारी रखते हुए 51 गेंद में 98 रन की साझेदारी निभाई जिससे राजस्थान रॉयल्स ने चार विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

■ दिल्ली के वॉर्नर ने आईपीएल में पूरे किए 6000 रन

ट्रेंट बोल्ट के पहले ही ओवर में दो झटकों से पस्त हुई दिल्ली कैपिटल्स कप्तान डेविड वॉर्नर (65 रन) के अर्धशतक के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को फिर बल्लेबाजों ने निराश किया जिसके कारण उसे लगातार तीसरी शिकस्त का सामना करना पड़ा। जायसवाल ने 31 गेंद की दर्शनीय पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि बटलर ने 51 गेंद में 11 चौके और एक छक्का लगाया।



### बोल्ट-चहल को 3-3 विकेट

राजस्थान के लिए शिमरोन हेटमायर ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए आखिर में 21 गेंद में एक चौके और दो छक्के से नाबाद 39 रन बनाए। इसमें से दो छक्के अंतिम ओवर में जड़े थे। राजस्थान रॉयल्स के लिए बोल्ट के अलावा स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 25 रन देकर दो विकेट झटके जबकि युजवेंद्र चहल ने 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। संदीप शर्मा को भी एक विकेट मिला।

### जायसवाल का दूसरा अर्धशतक

राजस्थान के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने मौजूदा सीजन का दूसरा अर्धशतक जमाया। उन्होंने 25 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने खलील अहमद के पहले ओवर में 5 चौके जमाकर ताबड़तोड़ शुरुआत की। जायसवाल इस ने लीग में 5वां अर्धशतक जमाया। वे इस सीजन में दूसरा अर्धशतक जमाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। चेन्नई के गायकवाड़ भी दो अर्धशतक जमा चुके हैं।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का एवं बो मुकेश | 60 | 31 | 11 | 1 |
| बटलर का एवं बो मुकेश | 79 | 51 | 11 | 1 |
| सैमसन का नोर्किया बो कुलदीप | 00 | 04 | 0 | 0 |
| रियान पराग बो रोवमैन पॉवेल | 07 | 11 | 0 | 0 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 39 | 21 | 1 | 4 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 08 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 199/4

गेंदबाजी : खलील 2-0-31-0, नोर्किया 4-0-44-0, मुकेश 4-0-36-2, अक्षर 4-0-38-0, कुलदीप 4-0-31-1, पॉवेल 2-0-18-1.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी का सैमसन बो बोल्ट | 00 | 03 | 0 | 0 |
| वॉर्नर पगबाधा बो चहल | 65 | 55 | 7 | 0 |
| मनीष पगबाधा बो बोल्ट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रूसो का जायसवाल बो अश्विन | 14 | 12 | 2 | 0 |
| ललित यादव बो बोल्ट | 38 | 24 | 5 | 0 |
| अक्षर स्ट सैमसन बो चहल | 02 | 06 | 0 | 0 |
| पॉवेल का हेटमायर बो अश्विन | 02 | 02 | 0 | 0 |
| पोरेल का हेटमायर बो चहल | 07 | 09 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 03 | 07 | 0 | 0 |
| एनरिच नोर्किया बो संदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 142/9

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-1-29-3, संदीप 4-0-20-1, अश्विन 4-0-25-2, होल्डर 3-0-28-0, चहल 4-0-27-3, एम अश्विन 1-0-11-0.

## चेन्नई ने 1000वें मैच में दर्ज की जीत, मुंबई की दूसरी हार



एजेंसी ▶▶ मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस पर 11 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीत दर्ज की। चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को आठ विकेट पर 157 रन पर रोकने बाद 18.1 ओवर में तीन पर 159 रन बना कर आईपीएल के 1000वें मैच को यादगार बना लिया। चेन्नई की यह तीन मैचों में दूसरी जीत है जबकि मुंबई की दो मैचों में यह दूसरी हार है।

चेन्नई के लिए पहला मैच खेल रहे अंजिक्य रहाणे ने 27 गेंद की आक्रामक पारी में सात चौके और तीन छक्के से 61 रन बनाए। उन्होंने 19 गेंद में इस सत्र का सबसे तेज अर्धशतक पूरा करने के साथ दूसरे विकेट के लिए रुतुराज गायकवाड़ के साथ 82 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। गायकवाड़ 36 गेंद में 40 रन पर नाबाद रहे जबकि शिवम दूबे ने 26 गेंद में 28 रन बनाए और अनुभवी अंबाती रायुडु 16 गेंद में नाबाद 20 रन की पारी खेली।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो देशपांडे | 21 | 13 | 3 | 1 |
| किशन का प्रिटोरियस बो जडेजा | 32 | 21 | 5 | 0 |
| कैमरून ग्रीन का एवं बो जडेजा | 12 | 11 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का धोनी बो सेंटनर | 01 | 02 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा पगबाधा जडेजा | 22 | 18 | 2 | 1 |
| अरशद खान पगबाधा सेंटनर | 02 | 04 | 0 | 0 |
| डेविड का रहाणे बो देशपांडे | 31 | 22 | 1 | 2 |
| ट्रिस्टन स्ट का गायकवाड़ बो मगाला | 05 | 10 | 0 | 0 |
| ऋतिक शौकिन नाबाद | 18 | 13 | 3 | 0 |
| पीयूष चावला नाबाद | 05 | 06 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 157/8

गेंदबाजी : चाहर 1-0-10-0, देशपांडे 3-0-31-2, मगाला 4-0-37-1, सेंटनर 4-0-28-2, जडेजा 4-0-20-3, प्रिटोरियस 4-0-28-0.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन कोन्वे बो बेहरनडोर्फ | 00 | 04 | 0 | 0 |
| रुतुराज गायकवाड़ नाबाद | 40 | 36 | 2 | 1 |
| रहाणे का सूर्यकुमार बो चावला | 61 | 27 | 7 | 3 |
| शिवम दूबे बो कार्तिकेय | 28 | 26 | 2 | 1 |
| अंबाती रायुडु नाबाद | 20 | 16 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 18.1 ओवर में 159/3

गेंदबाजी : बेहरनडोर्फ 3-0-24-1, खान 2.1-0-35-0, ग्रीन 3-0-20-0, चावला 4-0-33-1, कार्तिकेय 4-0-24-1, शौकिन 2-0-19-0.

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका से जीती टी-20 श्रृंखला



एजेंसी ▶▶ क्वींसटाउन

न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 मैच में श्रीलंका को एक गेंद बाकी रहते चार विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने 48 गेंद में 88 रन बनाए जिसकी मदद से न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

■ सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने 48 गेंद में बनाए 88 रन

इससे पहले श्रीलंका ने छह विकेट पर 182 रन बनाए थे। श्रीलंका ने पहला मैच सुपर ओवर मे जीता था जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच नौ विकेट से अपने नाम किया था। सीफर्ट ने दूसरे मैच में भी 43 गेंद में 79 रन बनाए थे। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने 48 गेंद में 73 रन बनाए जबकि पाथुम निसांका ने 25 और कुसल परेरा ने 33 रन की पारी खेली। मेंडिस ने अपनी पारी में छह चौके और पांच छक्के जड़े जबकि सीफर्ट ने दस चौके और तीन छक्के लगाए। सीफर्ट ने पहले विकेट के लिए चाड बोवेस के साथ 53 रन की साझेदारी की और कप्तान टॉम लाथम (31) के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 84 रन जोड़े।

### एक गेंद रहते दर्ज की रोमांचक जीत

न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे। मार्क चेपमैन ने पहली गेंद पर छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर आउट हो गए। जिम्मी नीशाम एक भी गेंद खेले बिना रन आउट हो गए। अब न्यूजीलैंड को चार गेंद में तीन रन चाहिए थे और पांच विकेट बाकी थे। डेरिल मिशेल (15) ने अगली गेंद पर हवाई शॉट खेला और लपके गए। न्यूजीलैंड ने तीन विकेट लगातार गंवा दिए और अब उसे तीन गेंद में तीन रन चाहिए थे। अगली गेंद पर रचिन रविंद्र और एडम मिल्ने ने एक रन लिया। पांचवीं गेंद पर रविंद्र ने दो रन निकालकर टीम को जीत दिलाई।

## भारत ने किर्गीस्तान को दी 4-0 से करारी शिकस्त

बिश्केक। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने मेजबान किर्गीस्तान गणराज्य को 4-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की साथ ही 2024 एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस सप्ताह पहले मैच में भी भारत ने 5-0 से जीत दर्ज की थी। भारत के लिए संध्या रंगनाथन ने दो जबकि अंजू तमांग ओर रेणु ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही और 18वें मिनट में ही संध्या ने गोल कर दिया। कुछ मिनट बाद भारत को झटका लगा जब कार्तिका को लाल कार्ड दिखाया गया। अंजू ने हालांकि 24वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अंजू और संध्या ने लगातार हमले बोले और भारत कई बार तीसरा गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन हाफटाइम तक स्कोर 2-0 ही रहा।

## तेजस्विन ने अमेरिका में जीता रजत, राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर ने अमेरिका के एरिजोना में 'जिम क्लिक शूटआउट' टूर्नामेंट में डेकाथलन रजत पदक जीता लेकिन वह राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने से चूक गए।

बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद का कांस्य पदक जीतने वाले तेजस्विन ने 10 स्पर्धाओं की डेकाथलन में कुल मिलाकर 7,648 अंक जुटाए जिससे वह भारतिंदर सिंह के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 10 अंक से पिछड़ गए जिन्होंने 2011 में 7,658 अंक बनाए थे। यह प्रतियोगिता एरिजोना विश्वविद्यालय के टकसन परिसर में कराई गई। नेब्रास्का के टिल स्टेनफोर्थ 7845 अंक से पहले स्थान पर रहे। तेजस्विन कनसास विश्वविद्यायल से कॉलेज पूरा करने के बाद इस समय अमेरिका में काम कर रहे हैं। उन्होंने ऊंची कूद (2.19 मीटर) और 400 मीटर रेस (48.41 सेकेंड) जीती। अन्य आठ स्पर्धाएं 100 मीटर रेस, लंबी कूद, शॉट पुट, 110 मीटर बाधा दौड़, चक्का फेंक, पोल वॉल्ट, भाला फेंक और 1500 मीटर दौड़ शामिल थीं। वह हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गए लेकिन उनके 7,648 अंक से वह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा एशियाई खेलों के 7,500 अंक के मानक को पूरा करने में सफल रहे।



## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप : 30 से 14 मई तक होगा टूर्नामेंट

# भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे शिवा, दीपक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदकधारी शिवा थापा और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया 30 अप्रैल से 14 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली आगामी पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। शिवा ने दोहा में 2015 में विश्व चैंपियनशिप का कांस्य पदक जीता था, वह एक और पदक अपने नाम करना चाहेंगे। वह 63.5 किग्रा वजन वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हाल में सबसे ज्यादा सुधार करने वाले मुक्केबाजों में से एक दीपक 51 किग्रा फ्लाईवेट वजन वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। दीपक ने 2021 में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में 2016 रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और 2019 विश्व चैंपियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव को हराकर वैश्विक मंच पर सुर्खियां बटोरी थीं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'पुरुष टीम काफी कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हर कोई देश को गौरवान्वित करेगा।' भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद के लिए रवाना होगी और विश्व चैंपियनशिप से पहले कई देशों के ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेगी। स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख डॉलर, रजत पदक जीतने वाले को एक लाख डॉलर और दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर पुरस्कार राशि मिलेगी।



### भारतीय टीम

गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिवा थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा)), सुमित कुंडू (75 किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92+ किग्रा)।

## ब्राजील की यूएनएएसयूआर में वापसी करने की घोषणा

**साओ पाउलो, (एजेंसी)।** ब्राजील दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र संघ (यूएनएएसयूआर) में फिर से शामिल होगा। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर घोषणा की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'ब्राजील ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ को फिर से शुरू किया है, वह एक बार फिर दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र संघ में शामिल होगा। ब्राजील 2019 में यूएनएएसयूआर से बाहर निकल गया था। मंत्रालय के मुताबिक यह कदम 06 मई को प्रभावी होगा। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा कि ब्राजील क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए शांति और सहयोग के एक क्षेत्र के रूप में दक्षिण अमेरिका के एकीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यूएनएएसयूआर 2008 में स्थापित एक अंतर-सरकारी क्षेत्रीय संगठन है, जिसमें एक समय 12 दक्षिण अमेरिकी देश शामिल थे।

## अब यूक्रेन को हथियार की खेप नहीं भेजेगा साइप्रस

**निकोसिया, (एजेंसी)।** साइप्रस ने कहा है कि उसके नेशनल गार्ड को उत्तरी हिस्से पर काबिज तुर्की की सेना से सामना करने के लिए फिलहाल हथियारों की बहुत जरूरत है, लिहाजा वह यूक्रेन को हथियार नहीं भेज सकता है। सरकार के प्रवक्ता कोन्स्टेंटिनोस लेटिम्बियोटिस ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह बयान यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव की यात्रा के दौरान दिया गया है। श्री रेजनिकोव ने अपनी यात्रा के दौरान साइप्रस के रक्षा मंत्री माइकलिस जॉर्जलास से मुलाकात की। साइप्रस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने यूक्रेन, साइप्रस और व्यापक पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र में विकास एवं सुरक्षा स्थिति के बारे में चर्चा की। श्री रेजनिकोव ने बैठक से पहले सीबीसी स्टेट टेलीविजन को बताया था कि यूक्रेन को विमान भेदी प्रणाली और अतिरिक्त आक्रामक हथियारों की जरूरत है।

## तुर्किए-ईरान ने इजरायल के खिलाफ किया आह्वान

**अंकारा/तेहरान, (एजेंसी)।** तुकिए के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन और ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजरायल के खिलाफ मुस्लिम समुदाय से एकजुट होने का आवान किया है। श्री एर्दोगन और श्री रईसी ने शुक्रवार को फोन पर बातचीत की और इस सप्ताह के शुरू में पूर्वी यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद परिसर पर इजरायल के हमले तनाव बढ़ने पर चर्चा की। बातचीत के दौरान श्री एर्दोगन ने फिलिस्तीन स्थित अल-अक्सा मस्जिद परिसर पर इजरायल के हमलों के खिलाफ इस्लामी दुनिया को एकजुट करने के महत्व को रेखांकित किया। हिंसा के एक नए सर्पिल को रोकने हेतु सभी पक्षों को सामान्य ज्ञान के लिए मार्गदर्शन करने के लिए पहल फायदेमंद है। अंतरराष्ट्रीय मंचों, विशेष रूप से इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और संयुक्त राष्ट्र पर पवित्र स्थानों की स्थिति को बनाए रखने के लिए संयुक्त प्रयासों का आह्वान किया।

## लेबनान में हवाई हमले की जांच यूनिफिल ने शुरू की

**बेरूत, (एजेंसी)।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) ने पिछले दो दिनों में दक्षिणी लेबनान में हुए रॉकेट प्रक्षेपणों और हवाई हमलों की जांच शुरू कर दी है। यूनिफिल मीडिया कार्यालय के उप निदेशक कैंडिस आर्डेल ने बयान में कहा यूनिफिल के शांतिरक्षकों ने लेबनानी सशस्त्र बलों के समर्थन से सबूत इकट्ठा करने और तथ्यों को साबित करने के लिए रॉकेट और मिसाइलों के लॉन्च और गिरने वाले स्थलों का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि इजरायल के लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र में तीन मिसाइल दागे थे। यह कार्रवाई गुरुवार को लेबनान से इजरायल में दर्जनों रॉकेटों के प्रक्षेपण के प्रतिशोध में की। सुश्री आर्डेल के बयान के मुताबिक यूनिफिल के मिशन प्रमुख एवं बल कमांडर, मेजर जनरल अरोल्डो लाजारो सैंज ने यूनिफिल के संचार और समन्वय तंत्र के माध्यम से ब्लू लाइन के साथ तनाव कम करने में मदद करने के लिए दोनों देशों के साथ संपर्क में हैं।

## आज का इतिहास

- 1667: पेरिस में पहली पब्लिक आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई।
- 1669: मुगल बादशाह औरंगजेब ने सभी हिन्दू स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया।
- 1756: बंगाल के नवाब अली वर्दी खान की 80 साल की आयु में निधन।
- 1838: लंदन में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई।
- 1893: हिंदी के प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का जन्म।
- 1948: सांसद, अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म।
- 19453: वार्नर ब्रदर्स ने 'हाउस ऑफ वैक्स' शीर्षक से पहली 3 डी फिल्म की प्रदर्शित।
- 1965: कच्छ के रण में भारत पाक में युद्ध छिड़ा।
- 1972: सोवियत संघ और इराक ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए।

# आचार संहिता का उल्लंघन, चुनाव आयोग कवर कराए कमल जैसा एयरपोर्ट टर्मिनल

## कर्नाटक कांग्रेस ने की ईसी से मांग



शिवमोगा (कर्नाटक),(एजेंसी)। राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कर्नाटक में आचार संहिता लागू है। इस पृष्ठभूमि में शिवमोगा जिला कांग्रेस ने शनिवार को सोगने गांव में कमल के आकार में बने नवनिर्मित हवाई अड्डे के टर्मिनल को कवर करने के लिए चुनाव आयोग के अधिकारियों से अनुरोध किया है। ज्ञापन में कांग्रेस नेता ने मांग की है कि यह आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

चुनाव आयोग को चुनाव खत्म होने तक एयरपोर्ट टर्मिनल को कवर करना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि कमल के आकार के एयरपोर्ट टर्मिनल की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भाजपा जता रही है कि यह उनकी उपलब्धि है, चुनाव तक एयरपोर्ट टर्मिनल की पूरी तरह से स्कीनिंग करें।

## बाबा नीम करौली के कैंची धाम में जन सैलाब



उत्तराखंड में विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम मंदिर में बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन के लिए शनिवार को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मुख्य मार्ग से लेकर मंदिर के पुल और मंदिर के अंदर तक भक्तों का तांता लगा रहा, जो कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा था। नीम करौली महाराज की जय, बजरंग बली के जयकारों से पूरा गुंजायमान था। भीड़ के चलते मंदिर क्षेत्र में सभी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। भीड़ को संभालने के लिए काफी कोशिशें की गई, मगर सभी नाकाफी होने से पुख्ता इंतजाम नजर नहीं आया।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के घर घुसा अफगानी संदिग्ध

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के घर अफगानी संदिग्ध व्यक्ति के घुसने से अफरा-तफरी मच गई। इससे पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियां भी हैरान हैं।

सवाल उठ रहा है कि पीएम आवास समेत पाकिस्तान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के आवास पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद एक संदिग्ध व्यक्ति वहां तक कैसे पहुंच गया। यह संदिग्ध किस तरह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के घर में घुस गया। मीडिया रिपोर्टों में शनिवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है।

न्यूज के मुताबिक सूत्रों ने कहा कि पीएम आवास पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को कथित तौर पर यह नहीं पता था कि संदिग्ध कहां से आया था। संदिग्ध को इस्लामाबाद पुलिस के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने हिरासत में ले लिया और उसे एक अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। संदिग्ध अफगानिस्तान का निवासी होने का दावा करता है और तीन अलग-अलग रास्तों से होकर पीएम आवास तक पहुंचा था।

## पाक से तीन आतंकी दुबई से मुंबई में घुसे, दावे पर सर्च ऑपरेशन शुरू

**मुंबई, (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को शनिवार को फोन आया कि शहर में तीन आतंकवादी घुस आए हैं। सूत्रों के मुताबिक फोन करने वाले ने दावा किया कि पाकिस्तान के तीन आतंकवादी शुक्रवार सुबह दुबई के रास्ते मुंबई पहुंचे। अज्ञात कॉलर ने एक आतंकवादी की पहचान मुजीब सैय्यद के रूप में की और पुलिस को उसके मोबाइल नंबर और गाड़ी नंबर के बारे में जानकारी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. हालांकि, घटना से जुड़े अधिकारियों को संदेह है कि ये जानकारी फर्जी हो सकती है. पुलिस फोन करने वाले का पता लगा रही है। गौरतलब है कि मुंबई में इसी तरह से समुद्र के रास्ते पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 26 नवंबर, 2008 को हमला कर दिया था और यह हमला 29 नवंबर को रुका। इस दौरान 166 लोगों की जान गई और 300 लोग घायल हुए। भारतीय सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को मार गिराया था। अजमल कसाब इकलौता आतंकवादी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया और उसे 21 नवंबर 2012 को फांसी दे दी गई।

## त्वाई और केविन की मुलाकात बनी दो देशों के बीच युद्ध भड़कने का सबब

# अमेरिका से ताइवान की दोस्ती देख भड़के ड्रैगन ने तैनात कर दी सेना



बीजिंग, (एजेंसी)। ताइवान को अमेरिका के करीब आना एक बार फिर नागवार गुजरा है। नतीजा यह हुआ है कि चीन ने शनिवार को ताइवान की तरफ बड़ी संख्या में युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेज दिए हैं। ताइवान की सरकार ने इस बारे में जानकारी दी है। इससे दोनों देशों के बीच युद्ध भड़कने का सबब सा बन रहा है। बता दें कि चीन ने यह कदम उस वक्तउठाया है जबकि ताइवान के राष्ट्रपति त्वाई इंग-वेन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी से मिलकर लौटे हैं।

गौरतलब है कि चीन दावा करता है कि ताइवान उसका हिस्सा है। चीन की आर्मी (पीएलए) ने कहा कि लड़ाकू तैयारी से संबंधित तीन दिवसीय गश्त की शुरुआत ताइवान के लोगों के लिए एक चेतावनी है। पीएलए ने यह संकेत नहीं दिया कि वह इस गश्त में पिछले अभ्यास की तरह मिसाइलों को शामिल करेगा या नहीं, जिससे क्षेत्र में समुद्री और हवाई परिवहन प्रभावित हुआ था। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष मैक्कार्थी ने गुरुवार को कैलिफोर्निया में राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के साथ बातचीत की थी। इसी के साथ वह उन विदेशी जनप्रनिधियों में शामिल हो गए थे, जो चीन की धमकी के बीच वेन से मिले।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ताइवान के पास शनिवार को आठ युद्धपोत और 42 विमान देखे गए। इनमें से 29 ने जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया। यह रेखा ताइवान और मुख्य भूमि चीन को अलग करती है। पीएलए ने एक बयान में कहा कि यह ताइवान की अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों के बीच मिलीभगत और उकसावे के खिलाफ एक गंभीर चेतावनी है। ज्वाइंट स्वोर्ड अभ्यास राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए जरूरी है। वहीं, ताइवान की सेना ने कहा कि मिसाइल रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है और चीनी विमानों का पता लगाने के लिए हवाई और समुद्री गश्ती दल भेजे गए हैं।

बीजिंग ने मैक्कार्थी और वेन की मुलाकात के बाद शुक्रवार को ताइवानी राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे से जुड़े अमेरिकी समूहों और व्यक्तियों के खिलाफ यात्रा एवं वित्तीय प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

### ताइपे की यात्रा के बाद मिसाइल की थी लॉन्च

बता दें कि बीते साल अगस्त में तत्कालीन हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी ने ताइपे की यात्रा की थी। इसके बाद चीन ने ताइवान पर मिसाइल लॉन्च तक कर दी थी। ताइवान गृह युद्ध के बाद 1949 में चीन से अलग हो गया था। चीन इस द्वीप पर दावा जताता है और इसे मुख्य भूमि से जोड़ने की बात करता है, भले ही इसके लिए बल का इस्तेमाल क्यों न करना पड़े।

## चीन मामले में सर्वदलीय बैठक जरूरीः खुर्शीद

**फर्रुखाबाद, (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार चीन मामले में, सुरक्षा को लेकर, सर्वदलीय बैठक बुलाए। लोकतांत्रिक प्रणाली में कांग्रेस साथ होगी। श्री खुर्शीद अपने गृह जनपद फर्रुखाबाद के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इसी दौरान शनिवार को ग्राम समसपुर, नगला नान, ग्राम अमलैया, शहर के मोहल्ला बजरिया, ग्राम सातनपुर आदि में अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं की बैठकों में भाग लेने के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री खुर्शीद ने आरोप लगाया कि चीन ने घुसपैठ करके अरुणाचल में हमारी जमीन पर गांव बसाया, इसकी जमीनी हकीकत क्या है, सरकार बताएं कि सत्य है या नहीं और सरकार क्या कर रही है? उन्होंने कहा कि आज जिस हमारी सुरक्षा प्रणाली को लेकर प्रश्नचिन्ह लगे,चीन ने खिलवाड़ किया, जिसमें स्पष्टता नहीं आई, यह उससे भी गंभीर विषय होगा?


# आज हो रही है अपराधियों की पैंट गीली : सीएम योगी

## पेप्सिको फ्रेंचाइजी प्लांट का किया शिलान्यास



गोरखपुर, (ब्यूरो)। शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने गृह जनपद गोरखपुर मे पेप्सिको कम्पनी के फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन तथा शिलान्यास करने के बाद एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश मे अपराध कम हो गए हैं प्रदेश में कानून का राज चल रहा है। कानून के डर से अपराधियों के पैंट गीली हो जा रही है। पहले गोरखपुर के नाम से डर लगता था बीते छह वर्षों से गोरखपुर की छवि बदल गई है। अब गोरखपुर मे इतने प्लांट लग रहे कि युवाओं को बाहर जाने की जरूरत नहीं है। पेप्सिको प्लांट लगने से 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

# अरुणाचल प्रदेश में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे शाह



### 19 जिलों के 46 ब्लॉकों में 2967 गांवों की पहचान

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को अरुणाचल प्रदेश के दो दिन के दौरे पर जाएंगे और अंजाव जिले के सीमावर्ती गांव किबितू में वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम का शुभारंभ करेंगे।

सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए सड़क संपर्क के लिए विशेष रूप से 2500 करोड़ रुपए सहित 4800 करोड़ रुपए के केंद्रीय योगदान के साथ वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) को मंजूरी दी है। वीवीपी एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसके तहत व्यापक विकास के लिए अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उत्तरी सीमा से सटे 19 जिलों के 46 ब्लॉकों में 2967 गांवों की पहचान की गई है। पहले चरण में, प्राथमिकता के आधार पर 662 गांवों की पहचान की गई है, जिनमें अरुणाचल प्रदेश के 455 गांव शामिल हैं। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम पहचान किए गए सीमावर्ती गांवों के लोगों के जीवनस्तर को सुधारेगा।

# गर्भपात की दवा को लेकर अधिकार पर बढ़ा विवाद

## अमेरिका में अबॉर्शन पर फिर हंगामा

**वाशिंगटन ■ एजेंसी**

अमेरिका के टेक्सास में एक जज(मजिस्ट्रेट) ने गर्भ निरोधक दवा माइफप्रिस्टोन के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाने का फैसला सुनाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस जज मैथ्यू कासमारिक ने ये फैसला सुनाया है उसे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नियुक्त किया था। इस फैसले से अमेरिका में एक बार फिर गर्भपात के अधिकार पर विवाद शुरू हो गया है।

### ट्रंप के नियुक्त जज का फैसला ओबामा के नियुक्त जज ने बदला

जज ने गर्भनिरोधक दवाओं पर अपनी राय 67 पेजों में लिखकर दी है। इस फैसले से अमेरिका के जिन राज्यों में गर्भपात पर पाबंदी नहीं लगी थी, वहां की महिलाओं के लिए भी अबॉर्शन मुश्किल होगा।

**अभिनव पहल** कोरोना काल में दुकान बंद होने के बाद आया विचार, मोटे अनाज से किया व्यापार

# पहाड़ के मिलेट्स कोदो, झंगोरा की बनाई मिठाई

**देहरादून ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मोटा अनाज (मिलेट्स) को भारत ही नहीं, अपितु विश्व पटल पर प्रोत्साहित करने और इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेटस ईयर) घोषित होने के मध्य उत्तराखंड में एक अभिनव प्रयोग सामने आया है। यह अभिनव प्रयोग मिलेट्स से मिठाई बनाने का।

जिसकी शुरुआत की है उत्तरकाशी जिले के नागथली मणि गांव के दयाल सिंह कोतवाल ने। जिन्होंने पहाड़ के मोटे अनाज कोदो, झंगोरा, मंडुवा, कौणी, मार्शा, चुकंदर और लौकी की बर्फी और अन्य मिठाई बनाकर, पूरी दुनिया में एक नया इतिहास रचा है। कभी उत्तर प्रदेश का अंग रहे इस हिमाचली राज्य को बनाने के लिए शुरू हुए जनांदोलनों में 'कोदो झंगोरा खायेंगे, उत्तराखंड बनाएंगे' का नारा जन जन की जुबान पर था। राज्य गठन का वह स्वप्न तो साकार हुआ ही, कोदा, झंगोरा को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय पहचान भी मिल गई। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट नमामि गंगे में गंगा विचार मंच के प्रान्त संयोजक समाजसेवी लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने अपने एक यात्रा वृत्तांत का जिक्र करते हुए यूनीवार्ता को बताया कि उन्होंने हाल ही में उत्तरकाशी से देहरादून जाते समय चिन्यालीसौड़, कुमराड़ा मार्ग पर छोटे से स्टेशन नागथली मणि में एक दुकान पर चाय पीने रुके। वहां मिठाई के काउंटर पर सजी मिठाइयों पर उनके नाम के बोर्ड लगे थे। वह उन पर लिखे नामों जैसे कोदो की बर्फी, झंगोरा की बर्फी, लौकी की बर्फी, चुकंदर की बर्फी के साइन बोर्ड देखकर हतप्रभ रह गए। श्री बिष्ट बताते हैं कि इस दुकान में इन्हीं मोटे अनाज से बनी मिठाइयों से सजी थी। लोग भी आ रहे थे और इन मोटे अनाज से बनी मिठाइयों को खरीद भी रहे थे और मौके पर बड़े चाव से लोग खा भी रहे थे। वह बताते हैं कि जब उत्सुकतावश उन्होंने इन मोटे अनाज से बनी मिठाई के बारे में दुकान के मालिक दयाल सिंह कोतवाल से बात की तो उन्होंने इनके बारे में विस्तार से बताया। कोरोनाकाल में जब उनकी दुकान बंद हो गई, तब उन्होंने विचार किया कि आज तक पहाड़ के लोग मोटे अनाज को केवल भोजन के रूप में खाने तक ही सीमित हैं। क्यों न इसकी मिठाई बनाई जाए।

# दो विचारधाराओं की लड़ाई, एक तिरंगे के नीचे तो दूसरी खिलाफ



### कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले

प्रयागराज, (ब्यूरो)। शनिवार को न्यायलय के कार्य से प्रयागराज पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम प्रयागराज आगमन पर कांग्रेस ने उनका जोरदार स्वागत किया।

लोकसभा और ननि चुनाव पर उन्होंने कांग्रेस स्थानीय नेता व कार्यकर्ताओं से चर्चा की जिसमें कौन लड़ेगा कौन नहीं लड़ेगा, वहीं प्रेस से अनौपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आवाहन किया कि आज देश में सिर्फ दो विचारधाराओं की लड़ाई है एक तिरंगे के नीचे और एक तिरंगे के खिलाफ एक धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट तिरंगे के नीचे होना है और एक गुट को भगवा के झंडे के नीचे एकजुट होना है पक्ष हो या विपक्ष सबको कांग्रेस के इस तिरंगे झंडे के नीचे एकजुट हो मोदी सरकार के खिलाफ लड़ना होगा।

# जी-20 के सफल आयोजन हेतु जागरुकता के तहत साइक्लोथान रैली का आयोजन

## रैली में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दर्ज कराई अपनी जोरदार उपस्थिति

प्रखर वाराणसी। जी-20 देशों के सम्मेलन की पहली बार अध्यक्षता करने का भारतवर्ष को मिले ऐतिहासिक अवसर के क्रम में प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की आम जनता में जागरुकता फैलाने के लिए आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रातः 7 बजे सर्किट हाउस चौराहे से बेनियाबाग पार्क तक साइक्लोथान रैली का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के पदाधिकारियों एवं सदस्य शिक्षकों को प्रतिभाग कराने हेतु जिला बेसिक शिक्षाधिकारी वाराणसी डा० अरविंद पाठक जी द्वारा जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" एवं जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह को पत्र जारी करके आग्रह किया गया था जिसके क्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी ने प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय"शेखर" के नेतृत्व में अपने पदाधिकारियों की




बड़ी संख्या के साथ साइक्लोथान रैली में प्रतिभाग किया। साइक्लोथान रैली का शुभारंभ प्रातः 7 बजे सर्किट हाउस चौराहे पर जिलाधिकारी एस राजलिंगम जी एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद हुआ जो सर्किट हाउस कचहरी से प्रारंभ होकर नदेसर अंधरापुल तेलियाबाग जगतगंज लहुराबीर चेतगंज होते हुए बेनियाबाग मैदान तक प्रातः 8 बजे तक पहुंची जहां सभी प्रतिभागियों को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डा० अरविंद पाठक द्वारा जी-20 का मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साइक्लोथान रैली में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के हजारों शिक्षक एवं छात्र अपने अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापक के साथ उपस्थित थे वहीं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के आग्रह के क्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी की तरफ से प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर", वाराणसी मंडल एवं जिला के महामंत्री आनंद कुमार सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश, जिला कोषाध्यक्ष डा० दिनेश चंद, संयुक्त महामंत्री आशुतोष कुमार पाण्डेय,जिला उपाध्यक्ष डा० सुशील कुमार व अरविंद कुमार द्विवेदी,जिला मंत्री सुधा रानी प्रभात भृगुवंश व संतोष कुमार पाण्डेय,जिला संयुक्त मंत्री संजीव त्रिपाठी गीता गुप्ता एवं अनुराधा भार्गव,जिला सह संगठन मंत्री प्रशांत मोहन गिरी,जिला सह मीडिया प्रभारी नंदलाल मौर्या, आराजीलाइन्स ब्लाक के कार्यकारी अध्यक्ष अमिताभ राय व उपाध्यक्ष चंद्र प्रताप नारायण सिंह,पिण्डरा ब्लाक के संरक्षक मनीष दूबे ब्लाक अध्यक्ष संजय पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार उपाध्यक्ष श्रवण कुमार व अविरल जगत चतुर्वेदी मीडिया प्रभारी जितेंद्र प्रसाद,हरहुआ ब्लाक के महामंत्री विरेंद्र कुमार सिंह,सेवापुरी ब्लाक के मंत्री राजकुमार, सुबेदार यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## दो झोंपड़ी सहित पाँच एकड़ गेंहू की फसल जलकर राख

प्रखर तुर्कपट्टी कुशीनगर।रविवार की सुबह दस बजे के आसपास थानाक्षेत्र के ग्रामसभा नौतन हरदो स्थित एक गेंहू के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गयी जिसमें दो रिहायशी झोंपड़ी सहित पाँच एकड़ खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी।काफी मशक्कत के बाद हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीण आग बुझाने में कामयाब हुए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के ग्राम नौतन हरदो व खैरटिया के बीच रविवार की सुबह दस बजे के करीब एक गेंहू के खेत में धुँवा उठता दिखा। ग्रामीण उसके बारे में



कुछ लगा पाते कि तभी आग की लपटें दिखाई देने लगी जिसने हवा का इशारा पाते ही विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते दर्जनों किसानों के खेत में खड़ी पाँच एकड़ गेंहू की फसल जलकर खाक हो गयी।विदित हो कि इन खेतों के किनारे हसन अंसारी व रियाजुद्दीन अन्सारी रिहायशी झोंपड़ी डालकर निवास करते थे जिनकी झोंपड़ी तथा फसल दोनों आग में जल गया।इस अग्निकाण्ड में ग्रामवासी खुर्शीद, शम्भू चौरसिया,मुन्ना अंसारी, राजमन खरवार,नरेश चौरसिया, रविन्द्र यादव, चन्द्रिका यादव, मुस्तफा, शिवसागर व अयोध्या खरवार आदि की फसल जलकर राख हो गयी।सूचना देने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने के पूर्व हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियन्त्रण कर लिया।समाचार लिखे जाते समय तक राजस्व विभाग का कोई कर्मचारी नुकसान का जायजा लेने मौके पर नहीं पहुँचा था।

## साहब... यह केराकत है, यहां मुख्यमंत्री के आदेश अधिकारियों को नहीं आती रास!

प्रखर केराकत (जौनपुर)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश भर में एक भी छुट्टा मवेशी सड़क,खेत व खालियानो में नजर नही आने चाहिए अगर ऐसे छुट्टा मवेशी घूम रहे हैं तो उन्हें गौ आश्रय तत्काल भेजा जाय पर लगता है कि जौनपुर जिले के अधिकारीगणों को योगी सरकार के कार्य रास नही आते दिख रहे हैं।कई बार छुट्टा मवेशियों की खबर अखबारों में प्रकाशित हो रही है बावजूद इसके भी सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हुए अधिकारी व कर्मचारी अच्छे कार्यों का पतीला लगाने पर तुले हुए है। गौरतलब हो कि एक तरफ जहां बेमौसम की बारिस का कहर किसानो पर टूटा तो वही छुट्टा मवेशियों का झुंड भी किसानो के पकी फसल को बर्बाद कर रहे है। ऐसा ही एक नजारा तहसील



मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर गंगौली गांव में छुट्टा मवेशियों का झुंड पकी फसल को बर्बाद करते हुए देखा गया। विडंबना तो देखिए कि लगभग हर रोज केराकत स्टेशन रोड से छुट्टा मवेशी बाजार की तरफ जाते हुए देखा जा रहा है बाबजूद इसके भी भटक रहे छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गौशाला नही भेजा जा रहा हैं अधिकारी कर्मचारी तंदनिद्रा मे सोए हुए हैं। गौंशालाओं की बात करें तो उनकी दशा भी किसानों की तरह ही दयनीय है। मद डकारते हुए गौशालाओं के संचालक तो मस्त है वहीं पशु पस्त हैं।बहरहाल चिलचिलाती धूप में इधर उधर भटक रही गायों की इस दुर्दशा पर अधिकारी अपना कर्तव्य निभाएंगे? यह एक सोचनीय विषय है।

## उड़ाका दल की टीम ने ली परीक्षार्थियों की तलाशी

### नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय संकल्पित

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाये चल रही है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने परीक्षाएं शुचितापूर्ण व कड़ाई के साथ कराने के निर्देश दिए है। परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान बनाए गए केंद्र पर शनिवार को उड़ाका दल ने कई बार औचक निरीक्षण किया । उड़ाका दल के सदस्य प्रो. अजय द्विवेदी और डॉ. मनीष कुमार गुप्ता की टीम ने प्रत्येक परीक्षा कक्षा में जाकर छात्रों की गहन जांच पड़ताल की। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो देवराज सिंह, केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. नितेश



जायसवाल, डॉ नीरज अवस्थी, डॉ शशिकांत, डॉ विनय वर्मा उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार को दोनों पालियों में कुल 754 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए । इसमें रज्जू भैया संस्थान, विज्ञान संकाय, प्रबंध संकाय, फामेर्सी, मास काम, एप्लाइड साइकोलॉजी के छात्रों ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। विद्यार्थियों को रज्जू भैया गेट के पास तलाशी लेने के बाद अंदर आने की अनुमति मिलती है। इसके बाद परिसर में बनायी गयी उड़ाकादल की टीम कई बार राउंड लगाती है। इसके चलते नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हो रही है।

## कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में प्रैक्टिस बॉलर के रूप में चयनित

### जमालपुर सहित पूरे जनपद का नाम किया रौशन, भड़ेवल गांव में जश्न का माहौल, बधाइयों का तांता

प्रखर जमालपुर, मिजार्पुर। जनपद के जमालपुर ब्लॉक अंतर्गत भड़ेवल गांव निवासी क्रिकेटर तेजवीर सिंह का आइपीएल के लिए चयन हो गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में बतौर प्रैक्टिस बॉलर के रूप में अभी चयनित हुए हैं। इसकी खबर मिलते ही पूरे गांव में जश्न का माहौल है। लोग एक-दूसरे को बधाइयां दे रहे हैं। श्रीकांत सिंह के पुत्र तेजवीर सिंह की प्रारम्भिक शिक्षा




गांव के ही पूर्व मध्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय भड़ेवल से ही हुई है। नौवीं से बारहवीं तक बनारस के राजकीय क्वींस कॉलेज में पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के लिए डीवाई पाटिल स्टेडियम में क्रिकेट का अभ्यास करना प्रारंभ कर दिया। उनके मुख्य कोच भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य विजय दहिया रहे। इस वर्ष 2023 के इंडियन प्रीमियर लीग के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में प्रैक्टिस बॉलर के रूप मे चयनित होने से गांव सहित अगल-बगल के गांवों में में खुशी का माहौल है। श्रीकांत सिंह, सुजीत सिंह, अजय सिंह, मदन सिंह, कल्लू सिंह, धीरज सिंह, श्रवण सिंह, सुरेन्द्र सिंह सहित आकाश दुबे, नितेश द्विवेदी, अतुल तिवारी, जोशी पटेल आदि ने बधाई दी है।

## पाली हाट शाखा द्वारा 84 क्विंटल गेहूं की खरीद

प्रखर गोरखपुर। विकासखंड पाली के हॉट शाखा पाली (मिनवा) द्वारा शनिवार 84 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई । किसानों के लिए सरकार की तरफ से मुफ्त नाश्ते तथा फोटोकॉपी वगैरह की व्यवस्था की गई थी। गेहूं खरीदे गए किसानों में- सीताराम यादव निवासी देवा पार डुगडुगियां, ओम प्रकाश पांडे निवासी डोहरिया कला, यशवंत सिंह निवासी मिनवा, हरिकृष्ण निवासी बरईपार वगैर का नाम शामिल हैं। गेहूं बेचने वालों के लिए केंद्रों पर बैठने की सुविधा के साथ-साथ चाय- समोसा की व्यवस्था की गई है । व्रत रहने वाले किसानों को गुण एवं फलाहार की भी व्यवस्था थी। उक्त पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान मिनवा- दिनेश जयसवाल, ताज मोहम्मद, लाल बहादुर, निरीक्षक- संजय शुक्ला शिवम सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद थे।

## बेटियों को उच्च शिक्षित करना आज की बड़ी जरूरत : अनिल उपाध्याय

### समारोह के बीच नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। कस्बा स्थित वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इण्टर कालेज व भारती विद्यापीठ खेतासराय के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ कर समारोह पूर्वक माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हवन मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। समारोह में विद्यालय के संरक्षक व सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय ने बेटियों को उच्च शिक्षित करने पर जोर दिया। कहा एक बेटी दो घरों में शिक्षा की रोशनी फैलाती है।



इतिहास गवाह है कि बेटियों ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान को कायम रखा है। श्री उपाध्याय ने बच्चियों के उचित शिक्षा व बौद्धिक विकास के लिए हर सम्भव पहल करने का संकल्प लिया। वसीम अहमद ने विद्यालय में स्वच्छ वातावरण, बेहतर साफ-सफाई और कुशल अनुशासन की सराहना करते हुए बेटियों को आशीर्वाद प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सिंह ने उपस्थित जनों के प्रति आभार जताया। अभिभावक के रूप में लालचन्द्र गौतम, महंगू यादव अजीज अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा ने विद्यालय की स्थापना से लेकर विद्यालय की प्रगति के बारे में सविस्तार वर्णन करने के उपरान्त आये हुए अभ्यागतों व अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रदर्शन की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता विभा पाण्डेय व सहयोग के रूप में भारती शिशु विहार की प्रधानाध्यापिका कुमारी शबीना बानो का कार्य सराहनीय रहा। वार्षिक (गृह) परीक्षा 2023 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाली बच्चियों को उनके हौसला को बढ़ाने हेतु पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता सफिया खान, सुरेन्द्र मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, राजेश राव, रतन श्रीवास्तव सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

## होम्योपैथी सरल, सहज, दुष्प्रभाव रहित और सुरक्षित चिकित्सा पद्धति

प्रखर वाराणसी। होम्योपैथी प्राकृतिक सिद्धांतों पर कार्य करती है और इसकी दवाएं अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाती हैं। होम्योपैथी में मरीज के स्वयं के और उसके बीमारी के लक्षणों के आधार पर दवा का चयन किया जाता है। चयन सही होने पर मरीज को रोग से समूल मुक्ति प्राप्त होती है। यह बातें विश्व होम्योपैथी दिवस की पूर्वसंध्या पर राजकीय होम्योपैथिक जिला चिकित्सालय भेलूपुर में आयोजित होम्योपैथी चिकित्सा कार्यक्षेत्र, सिद्धांत एवं होम्योपैथिक से जुड़ी भ्रांतियां विषय पर आधारिक एक वैज्ञानिक संगोष्ठी में लोगों को सम्बोधित करते हुए होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डाक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने कही। डॉ गुप्ता ने कहा कि होम्योपैथिक दवाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्युनिटी को बढ़ाती हैं और इसके द्वारा बढ़ती उम्र की बीमारियों को



काफी हद तक रोका जा सकता है। होम्योपैथी की खोज महात्मा हैनिमैन ने 1796 में जर्मनी में की थी, और उनके जन्मदिन 10 अप्रैल को हम विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाते है। होम्योपैथी के द्वारा आजकल की भागदौड़ भरी तनावग्रस्त दिनचर्या से होने वालीबीमारियों उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, अवसाद, मानसिक विकार जोड़ों की बिमारियों, एक्जिमा एंव अन्य बीमारियों से मुक्ति पायी जा सकती हैं। होम्योपैथिक दवा से किसी भी प्रकार की अपचन/दुष्प्रभाव नहीं होती है। बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए विशेषत सुरक्षित चिकित्सा पद्धति है। होम्योपैथिक दवाओं को खाली पेट साफ मुंह से लेने पर इसकी कार्यक्षमता और बढ़ जाती है। होम्योपैथी के माध्यम से बार-बार होने वाली बीमारियों जैसे बवासीर, फिस्टुला,टान्सिलाटिस, साइनस, पथरी, मूत्रनली के संक्रमण, सर्दी जुकाम, एलर्जी जैसे अन्य बीमारियों से जड़ से मुक्ति मिलती है । होम्योपैथी के बढ़ते प्रचार प्रसार से कई झोलाछाप चिकित्सकों की बाढ़ सी आ गयी है। इसीलिए लोगों को एक सही चिकित्सा डिग्रीधारी चिकित्सक की ही सलाह लेनी चाहिए। उपस्थित आमजनों/रोगियों को स्वस्थ दिनचर्या का पालन करने एवम परिवारीजनों एवम समाज में अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए शपथ के माध्यम से संकल्पित कराया गया। रोगियों को कोरोना एवम इस मौसम में होने वाली अन्य वायरस जनित बीमारियों से बचाव एवम प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हेतु दवाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक मनीष पांडेय द्वारा लोगों को योग द्वारा प्रतिरोधक क्षमता में विकास के लिए जागरूक भी किया गया।संगोष्ठी में डाक्टर निधि चौहान,नरेन्द्र प्रताप सिंह, संदेश प्रजापति, सत्यम, विकास मिश्रा,प्रतिमा,रीता जायसवाल, पुनीत, महेश, इकरामुद्दीन सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## आउट सोर्सिंग कर्मचारियों में मायूसी मानदेय नहीं मिलने से भूखमरी का संकट

प्रखर जखनियां गाजीपुर। विकास खण्ड मनिहारी मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनिहारी सहित क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शादियाबाद, छपरी सिखड़ी, पहितियां, बरहट आदि स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात आउट सोर्सिंग कर्मचारीगण अपना मानदेय न मिलने से भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। मानदेय के अभाव में पहले होली और अब ईद फीका होने की संभावना के मद्देनजर चिंता बढ़ गई है। पिछले कई महीनों से मानदेय न मिलने से ?नाराज कर्मचारियों ने इसे स्वास्थ्य विभाग में तैनात विभागीय बाबुओं को जिम्मेदार ठहराया है। मानदेय न मिलने से नाराज कर्मचारियों का कहना है कि लिपिक की हीलाहवाली से ही उनका मानदेय रुक रहा है। इसके चलते मानदेय धारकों के सामने भुखमरी का संकट उत्पन्न हो गया है। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने बताया कि जहां स्वास्थ्य विभाग बजट का रोना रो रहा है वहीं मानदेय पर काम लेने वाली कार्यदाई संस्था सिल्कान विजनस आदि जिला स्वास्थ्य कार्यालय से धन राशि प्राप्त न होने का हवाला देकर अपना पीछा छुड़ा रही है। स्वास्थ्य विभाग और कार्यदाई संस्था की मिली भगत और टालमटोल से संविदा कर्मियों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई है। गौरतलब हो कि स्वास्थ्य विभाग में मानदेय पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने वाली संस्था को शासन से स्वास्थ्य विभाग को आवंटित बजट में से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के मार्फत धन प्राप्त होता है जो मानदेय धारकों की उपस्थिति अनुपस्थिति के आधार पर दिया जाता है। इस संबंध में मनिहारी के चिकित्सा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि हमारे यहां से प्रति महीना मास्टररोल तैयार करके जनपद मुख्यालय को भेज दिया जाता है। इसके बाद का काम जिला मुख्यालय से ही होता है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी विभागीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। मानदेय कर्मचारियों ने जिला प्रशासन तथा विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए यथाशीघ्र मानदेय भुगतान कराने की मांग जनहित में की है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक से ओवरटेक करने में पीछे से भिड़ी दूसरी ट्रक, चालक गंभीर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित वन विभाग कार्यालय के समीप शनिवार देर रात ट्रक को ओवरटेक कर रही दूसरी ट्रक up 63 ct 4410 जो सोनभद्र कोयला लोड करने जा रही थी



अचानक से आगे चल रही ट्रक में भिड़ी जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक पर खलाशी का कार्य कर रहे चालक का साला अजीत यादव पुत्र निर्मल यादव उम्र 21 वर्ष निवास निवास मधुपुर सोनभद्र बाल बाल बचे, उसने घटना के बाद स्थानीय लोगों से मदद की गुहार की, जिस पर स्थानीय लोगों ने डायल 112 पीआरबी को सूचना दी सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल चालक तीरथ यादव पुत्र चतुरी यादव उम्र 28 वर्ष निवासी सोनबरसा थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ट्रक मालिक सहित परिजनों को पुलिस ने घटना की सूचना दे दी थी।

### हिमांशु राय का लोवर पीसीएस में हुआ चयन

प्रखर गाजीपुर। विकास खण्ड भाँवरकोल ग्राम तरका निवासी विपिन राय के पुत्र हिमांशु राय ने लोवर पीसीएस 2019 में मार्केटिंग इंस्पेक्टर के पद पर सफलता अर्जित कर क्षेत्र ही नही बल्कि जिले का नाम रौशन किया है। हिमांशु पेशे से प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक है।जो 2016 से ही



अध्यापन का कार्य कर रहे है।उससे पहले हिमांशु का चयन 2015 में राजस्व एंव चकबंदी लेखपाल के पदों पर हो चुका था।अपने होनहार पुत्र के इस कामयाबी पर परिजन बेहद ही खुश है।इस चयन से जिले में खुशी का माहौल बना हुआ है। हिमांशु की पढाई प्रारम्भिक शिक्षा अमर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरूपुर फिर 10वीं श्रीमती रामदुलारी इंटर कालेज लठ्ठड़ीह गाजीपुर ,स्नातक स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय परास्नातक इलाहाबाद विश्वविद्यालय की है। हिमांशु की पत्नी प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पर कार्यरत है।

### सर्विस लांस टीम ने 101 मोबाइल को बरामद कर उनके मालिकों को दिया

प्रखर गोरखपुर। गोरखपुर की अपराध शाखा की सर्विस लांस टीम ने 101 कीमती मोबाइल बरामद कर मोबाइल मालिकों को पुलिस लाइन में सुपुर्द किया अपराध शाखा पुलिस की सर्विलांस सेल को बड़ी सफलता मिली है सर्विलांस टीम की सक्रियता की वजह से पुलिस ने 101 ऐसे महंगे एंड्रॉयड मोबाइल को बरामद किए हैं, जिसकी कीमत 1385000 हजार रुपए है। पुलिस लाइन्स वाइट हाउस सभागार में जब पीड़ितों को उनका मोबाइल वापस मिला, तो उनके चेहरे खिल गए पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती इंदू प्रभा सिंह ने सभी लोगों को उनका मोबाइल सुपुर्द किया। गौरतलब है कि ये सभी 101 महंगे एंड्रॉयड मोबाइल या तो चोरी, झपटमारी और गिरने की वजह से गायब हो गए थे अपराध शाखा की सर्विलांस टीम इन मोबाइल को महीनों और कई



मामलों में सालभर से ऊपर से इनके लोकेशन के बारे में जानकारी एकत्र करती हैं इसके बाद उन मोबाइल को बरामद किया जाता है इन्हीं मोबाइल को जब शनिवार को उनके धारकों को सुपुर्द किया गया, तो उनके चेहरे पर खुशी लौट आई। पुलिस अधीक्षक अपराध पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में बताया कि गोरखपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है अपराध शाखा ने सर्विलांस टीम की मदद से 1385000 हजार कीमत के 101 मोबाइल सेट बरामद कर उनके धारकों को सौंपे हैं उन्होंने बताया कि ये सभी महंगे एंड्रॉयड फोन हैं, जिन्हें उनके धारकों को सौंपा गया है पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि अपराध शाखा सर्विस लांस की मदद से 101 महंगी मोबाइलों को बरामद करने में सफलता प्राप्त किया जिसकी कीमत लगभग 14 लाख रुपए के आसपास है इसमें मोबाइल फोन, एंड्रॉयड के साथ टैबलेट भी शामिल हैं।

### चोलापुर पुलिस टीम द्वारा 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त शिवम कुमार पटेल उर्फ गुड्डू गिरफ्तार

प्रखर दानगंज वाराणसी। पुलिस आयुक्त वाराणसी के मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में,सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शिवम कुमार पटेल उर्फ गुड्डू पुत्र श्री लालता प्रसाद निवासी ग्राम गौतम बिहार कालोनी, मारपुर बसही मकान न0 5/26/241अ ट थाना कैण्ट, कमिश्नरेट वाराणसी को औरा नहर थाना चोलापुर से दिनांक 08.04.2023 को समय करीब 17.00 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 600 ग्राम नाजायज गांजा व बिक्री का 250 रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर में मु0अ0सं0 137/2023 धारा 8/20 एन०डी०पी०एस० पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त से पूछने पर बताया कि मैं अनपढ व बहुत गरीब आदमी हूँ। मैं अपना तथा अपने परिवार के जीविकोपार्जन हेतु गाँजा का पुड़िया बनाकर लोगों को बेचकर जो पैसा मिलता है उससे भारण पोषण करता हूँ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं